तापमान

अधिकतम 28.8 डिग्री

न्यूनतम 24.3 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 7 अक्टूबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया




हेमूनगर ओव्हरब्रिज से नीचे की तरफ आ रही कार डिवाइडर पर चढ़ गई।

## खबर संक्षेप

### वाल्मीकि जयंती पर होंगे विविध आयोजन

**बिलासपुर।** मंगलवार 7 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर सुबह 7 बजे से 8.30 तक महर्षि वाल्मीकि गुरुद्वारा भवन कस्तूरबानगर में भजन कीर्तन कराया जाएगा। 11 बजे से बच्चों का खेलकूद का कार्यक्रम होगा। शाम 6 बजे से लखीराम आडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 7 बजे से होगा। मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि महापौर पूजा विधानी होंगी। यह जानकारी वाल्मीकि समाज के सचिव अनिल डागोर ने दी। इसी तरह महर्षि वाल्मीकि समाज द्वारा भी महर्षि वाल्मीकि जन्मोत्सव महर्षि चौक में मनाया जाएगा। सुबह 8 बजे से पूजा अर्चना, खेलकूद का कार्यक्रम सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक पंडित गोवर्धन लाल गुप्ता सामुदायिक भवन में है। दोपहर 2 बजे वाल्मिकी समाज द्वारा झांकी महर्षि वाल्मिकी चौक से रिवर व्यू, देवकीनंदन चौक, सदर बाजार, होते हुए वापस महर्षि वाल्मिकी चौक पहुंचेगी।

### स्पेशल एजुकेटर की भर्ती के लिए 13 तक आवेदन

**बिलासपुर।** राज्य सरकार ने स्पेशल एजुकेटर पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। यह भर्ती मेरिट के आधार पर की जाएगी और इसमें प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के रिक्त पद शामिल हैं। लोक शिक्षण संचालनालय से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक, 100 पदों पर ये भर्ती होगी। प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में इच्छुक उम्मीदवार आवेदन जमा कर सकते हैं। अभ्यर्थियों के लिए आवेदन प्रक्रिया 7 अक्टूबर से शुरू होगी और 13 अक्टूबर तक चलेगी। उम्मीदवार आवेदन डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं। स्पेशल एजुकेटर के पदों पर भर्ती की योग्यता, आयु सीमा, आरक्षण, चयन प्रक्रिया और अन्य विवरण विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

### सहकारी समिति की मतदाता सूची पर दावा आपत्ति 13 तक

**बिलासपुर।** नर्मदा प्राथमिक उपभोक्ता भंडार सहकारी समिति मर्यादित की मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। जिसका अवलोकन उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं बिलासपुर के कार्यालय, विकासखण्ड बिल्हा के कार्यालय, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा मुख्य जिला बिलासपुर के सूचना पटल पर चस्पा कर दिया गया है। सूची के संबंध में दावा आपत्ति 13 अक्टूबर तक सोसाइटी कार्यालीय में या कार्यालय उप पंजीयक बिलासपुर में प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा आपत्तियों का निराकरण 14 अक्टूबर को सुबह 11 बजे किया जाएगा।

### आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया दावा-आपत्ति 17 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बिल्हा अंतर्गत नवीन स्वीकृत आंगनबाड़ी केंद्र तिफरा वार्ड क्र. 7 कालिका नगर केंद्र 14 के लिए सहायिका भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसके लिए दावा आपत्ति मंगाई गई है। इसी तरह तिफरा वार्ड क्र. 8 चित्रकांत जायसवाल केंद्र 13 के लिए कार्यकर्ता एवं सहायिका तथा पोड़ी स.क्र. 3 के लिए कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पद की पूर्ति के लिए आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदनों की जांच कर अंतिम सूची जारी कर दी गई है, जिसे आयुक्त, नगर पालिक निगम बिलासपुर, कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बिल्हा एवं कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना बिल्हा के सूचना पटल में चस्पा किया गया है। जारी सूची के संबंध में दावा-आपत्ति 8 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

# पुलिसवालों ने एनटीपीसी कर्मी पर नशे में गाड़ी चलाने का बनाया मामला, मांगे 50 हजार रुपए, हताश कर्मचारी ने खा लिया जहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीपत पुलिस शराब दुकान से शराब खरीदकर खड़े एनटीपीसी कर्मी को पकड़कर थाने ले गई और शराब पीकर गाड़ी चलाने का मामला बनाकर 50 हजार रुपए की मांग करने लगी। मानसिक दबाव में आकर एनटीपीसीकर्मी ने जहर खाकर खुदकुशी करने की कोशिश कर ली है। उन्हें गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। इसी तरह पुलिसकर्मी से मिलने थाना परिसर गए दो युवकों को पकड़कर फोन पे के माध्यम से 24 हजार रुपए वसूली कर ली गई। पीड़ितों के द्वारा एसएसपी से मुलाकात कर लिखित शिकायत की गई है। एसएसपी ने दोनों शिकायतों की एडीशनल एसपी को जांच कर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है।

**सीपत पुलिस का कारनामा**



- पीड़ित पक्षों ने एसएसपी से की शिकायत, एडीशनल एसपी करेंगे जांच

सीपत एनटीपीसी उज्जवलनगर निवासी रामेश्वरी मंजारे ने शिकायत करते हुए कहा है कि उनके पति धीरेन्द्र मंजारे एनटीपीसी सीपत के एचआर विभाग में कार्यरत हैं। 5 अक्टूबर को वे शराब लेने के लिए सीपत शराब दुकान गए थे। उसी समय सीपत थाने के पुलिसवाले वहां गए और उनके पति को उठाकर थाने ले गए, फिर शराब पीकर गाड़ी चलाने का आरोप लगाते हुए मोटर व्हीकल एक्ट 185 के तहत कार्रवाई करने की बात कहीं। इसके साथ ही उनके पति की एक्टिवा क्रमांक सीजी 10 एटी, 7944 को जब्त कर लिया। चालानी कार्रवाई न करने के एवज में 50 हजार रुपए की मांग की गई। इससे उनके पति अत्यधिक तनाव में आ गए और घर लौटते समय रास्ते में जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश कर ली। उन्हें एनटीपीसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी स्थित को देखते हुए अपोलो हास्पिटल रिफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। उन्होंने एसएसपी से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

**फोन पे से 24 हजार वसूली की शिकायत**

सीपत निवासी अविनाश सिंह ठाकुर ने शिकायत में कहा है वह 5 अक्टूबर को रवि कश्यप के साथ बुलेट क्रमांक सीजी 04 केएक्स, 3880 से सीपत थाना गया था। इसी दौरान सीपत पुलिस ने उनके बुलेट का चाबी लेकर शराब पीकर गाड़ी चलाने की धारा 185 की कार्रवाई की बात कहते हुए 50 हजार रुपए की मांग की। कार्रवाई के डर से पुलिसकर्मियों के कहने पर थाने के प्राइवेट कम्प्यूटर आपरेटर राजेश्वर कश्यप के बैंक खाते में 24 हजार रुपए जमा किया गया है। उसके बाद दोनों दोस्तों का बुलेट सहित छोड़ दिया गया था। बाद में फिर से उनकी बुलेट को जब्त कर उनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 व उनके दोस्त रवि कश्यप के खिलाफ 36 च के तहत कार्रवाई कर दी गई है। उन्होंने थाना प्रभारी गोपाल सतपथी, एएसआई सहेत्तर कुर्रे, आरक्षक आकास मिश्रा पर अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है।

**शिकायत मिली है**

एनटीपीसी कर्मी की पत्नी ने मोटर व्हीकल एक्ट के कार्रवाई में अवैध वसूली व पति के जहर खाकर खुदकुशी करने की कोशिश व दो युवकों से थाने के प्राइवेट कम्प्यूटर आपरेटर के फोन के माध्यम से 24 हजार वसूली करने की शिकायत मिली है। थानेदार का कहना है दोनों मामले में मोटर व्हीकल एक्ट व 36 च के तहत कार्रवाई की गई है। एडीशनल एसपी ने दोनों शिकायत की जांच कर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया गया है।

**- रजनेश सिंह** एसएसपी

## हाईकोर्ट की पहल का असर : जमीन हस्तांतरण पर शपथ पत्र दाखिल करने के निर्देश

# रक्षा मंत्रालय ने 290 एकड़ जमीन की कीमत 71 करोड़ से कम कर 46 करोड़ रुपए की

बिलासपुर। हाईकोर्ट की पहल का असर हुआ है। रक्षा मंत्रालय ने 290 एकड़ जमीन की कीमत 71 करोड़ से कम कर 46 करोड़ रुपए कर दी है। अब राज्य सरकार के 46 करोड़ रुपए जमा करने पर 290 एकड़ जमीन एयरपोर्ट विस्तार के लिए मिल जाएगी। इसके साथ ही नाइट लैंडिंग, लाइसेंस और जमीन हस्तांतरण पर राज्य के मुख्य सचिव को नया शपथ पत्र दाखिल करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही एलायंस एयर के द्वारा 26 अक्टूबर से सप्ताह में तीन दिन उड़ाने बंद करने और दूसरे मामले को लेकर स्थिति स्पष्ट करते हुए शपथ पत्र दाखिल करने कहा गया है। राज्य सरकार की ओर से राज्य के नवनियुक्त मुख्य सचिव विकासशील की ओर से दाखिल



- अब 46 करोड़ जमा करने पर 290 एकड़ जमीन एयरपोर्ट विस्तार के लिए मिल जाएगी

शपथ पत्र में रक्षा मंत्रालय के साथ बनी सहमति का उल्लेख करते हुए यह जानकारी भी दी गई कि नाइट लैंडिंग हेतु डीवीओआर मशीन स्थापना संबंधी सभी कार्य कर लिए गए है और इनका एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा इंस्पेक्शन भी कर लिया गया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से उपस्थित अधिवक्ता आशीष श्रीवास्तव और सुदीप श्रीवास्तव ने कहा कि अभी भी नाइट लैंडिंग के लाइसेंस के लिए आवेदन और उसके पश्चात डीजीसीए इंस्पेक्शन जैसे कार्य लंबित है। इस पर मुख्य सचिव के शपथ पत्र में कुछ नहीं कहा गया है।

हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की खंडपीठ में बिलासपुर में हवाई सुविधा विस्तार से संबंधित दो जनहित याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई हुई। गौरतलब है कि पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने देश के रक्षा सचिव को और राज्य के मुख्य सचिव को एयरपोर्ट विस्तार के लिए 290 एकड़ जमीन के हस्तांतरण में आ रही मूल्यांकन की बाधा को आपस में मिलकर सुलझाने के निर्देश दिए थे।

### एयरपोर्ट रनवे व अन्य विस्तार के लिए मिलेगी जमीन

रक्षा मंत्रालय की ओर से सेना के अधिकारी द्वारा दाखिल शपथ पत्र में यह जानकारी दी गई की हाईकोर्ट के निर्देश के तारतम्य में गत 9 सितंबर को एक उच्च स्तरीय बैठक हुई जिसमें देश के रक्षा सचिव और छत्तीसगढ़ की ओर से राजस्व सचिव एवं अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में रक्षा मंत्रालय ने 290 एकड़ जमीन के बदले में अपनी 71 करोड रुपए को कम कर 46 करोड़ करने की छत्तीसगढ़ सरकार की मांग स्वीकार कर ली है। रक्षा मंत्रालय की ओर से उपस्थित सॉलिसिटर जनरल रमाकांत मिश्रा ने बताया कि यह कीमत जमीन अधिग्रहण में खर्च की गई राशि और 2014 से आज तक के ब्याज के आधार पर तय किया है। इस 46 करोड़ की राशि को जमा करने के साथ ही 290 एकड़ जमीन एयरपोर्ट रनवे और अन्य विस्तार के लिए दे दी जाएगी।

### उड़ाने कम, शासन और एयर कंपनी को नोटिस

याचिकाकर्ताओं ने यह भी कहा कि एलायंस एयर के द्वारा 26 अक्टूबर से सप्ताह में तीन दिन कोई भी उड़ान नहीं होने और दिल्ली की उड़ान तीन दिन करने का एक तरफा फैसला ले लिया गया है। 13 फरवरी 2024 को हुई सुनवाई के दौरान यहां हाईकोर्ट में यह बात एलायंस एयर के द्वारा कही गई थी कि सातों दिन एयरपोर्ट पर उड़ानें जारी रहेगी। वर्तमान में चल रही उड़ानें राज्य सरकार के सहयोग से चल रही हैं, जिसमें सरकार द्वारा सब्सिडी देना शामिल है। ऐसे में राज्य सरकार को जानकारी दिए बगैर एकतरफा उड़ानों को कम करना पूरी तरह गलत है। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एलायंस एयर और राज्य के मुख्य सचिव और याचिकाकर्ताओं को इन विषयों पर भी शपथ पत्र दाखिल करने के निर्देश दिए। मामले की अगली सुनवाई अब 7 नवंबर को होगी।

### बची हुई जमीन पर बनेगा आर्मी कैंट



एयरपोर्ट विस्तार के लिए 290 एकड़ जमीन मिलने के बाद भी करीब 700 एकड़ जमीन रक्षा मंत्रालय के पास चकरभाठा में बचेगी। इसी जमीन पर आर्मी कैंट बनाने की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिल्ली दौरे पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात के दौरान की है। चकरभाठा में सेना की जमीन में डिफेंस फैक्ट्री के साथ ही आर्मी कैंट की उम्मीद इससे एक बार फिर जग गई है। रक्षा मंत्री के साथ मुलाकात में रक्षा उद्योगों के विस्तार, बस्तर में सेना भर्ती रैली के आयोजन, नौसैनिक पोतों को छत्तीसगढ़ की नदियों के नाम पर रखने जैसे कई अहम विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। इस दौरान सीएम के साथ केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बैठक के दौरान रक्षा मंत्री का ध्यान इस ओर आकर्षित किया कि, चकरभाटा में राज्य सरकार ने वर्ष 2012 में भारतीय सेना को लगभग 1171 एकड़ भूमि सौंपी थी। यह भूमि वर्तमान में सेना के पास है, किसी सक्रिय परियोजना में इसका उपयोग नहीं हो रहा है। इसका उपयोग रक्षा उत्पादन से जुड़ी औद्योगिक इकाइयों, अनुसंधान केंद्रों या उपकरण निर्माण पार्कों की स्थापना में किया जाए, तो यह न केवल क्षेत्रीय विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा, बल्कि देश के रक्षा उद्योग नेटवर्क को भी सशक्त बनाएगा।

# झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से बच्चे की मौत

**बिलासपुर।** झोलछाप डाक्टर के इलाज ने एक बार फिर मासूम बच्चे को काल के गाल में भेज दिया है। 8 वर्षीय बच्चे की मौत डाक्टर द्वारा लगाए गए इजेक्शन के कारण हो गई है। सोमवार को परिजनों ने उसे सिम्स लाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है।



- सरगांव के धरदई गांव की घटना

घटना सरगांव के पास धरदई गांव की है। रविंद्र यादव अपने बेटे को सुबह सिम्स लेकर पहुंचे थे, बच्चे की हालत पिछले कुछ दिनों से खराब थी, जिसके चलते उसे फीवर और सर्दी हो चुकी थी, लेकिन सिम्स पहुंचने तक 8 वर्षीय बच्चे ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि उनका बेटा युग यादव 8 वर्ष का है और कुछ दिन पहले अपनी नानी के घर मनेन्द्रगढ़ गया था, यहीं वह बीमार हो गया, घर के लोगों ने एक झोलाछाप डाक्टर से इलाज कराया। इस दौरान झोलाछाप डाक्टर ने बच्चे को इंजेक्शन लगाया था, इसके बाद बच्चे की तबीयत और भी बिगड़ने लगी। परिजनों ने उसे मनेन्द्रगढ़ से सरगांव लाया, इसके बाद भी बच्चे की तबीयत में सुधार नहीं हो सका, सोमवार को परिजन उसे सिम्स लेकर पहुंचे, लेकिन पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। डाक्टरों ने उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बच्चे की मौत के बाद परिजनों का हाल बेहाल हो गया और घर में मातम छा गया।

# तीसरे दिन मिली युवक की लाश, युवती की तलाश जारी

**बिलासपुर\ जांजगीर-चांपा।** देवरी चिलोली पिकनिक स्पॉट में हसदेव नदी के तेज बहाव में बहे तीन लोगों में से दूसरे युवक की लाश तीसरे दिन सर्चिंग टीम को मिली। वहीं युवती की तलाश जारी है।




नदी में डूबे एक युवक की 15 किलोमीटर दूर मिली लाश

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

- देवरी चिचोली में बहे थे 3 लोग दूसरे दिन मिला था एक शव

शनिवार 4 अक्टूबर को बिलासपुर से दो युवक और दो युवतियों के साथ अकलतरा के अर्जुनी निवासी एक युवक पंतोरा चौकी अंतर्गत देवरी चिचोलीपिकनिक स्पॉट पर घूमने आए थे। इस दौरान शाम करीब 5 बजे नदी में नहाते वक्त तेज बहाव में पांचों बह गए। अर्जुनी निवासी लक्ष्मीशंकर ने अपने आप को संभाल लिया और उसने मोनिका सिन्हा को भी बाहर निकाल लिया, जबकि बिलासपुर निवासी स्वर्णरेखा ठाकुर, अंकुर कुशवाहा और आशीष भोई नदी के तेज बहाव में बह गए। दूसरे दिन रविवार को दोपहर के करीब 2 बजे घटना स्थल से 15 किमी दूर कुदरी में एक युवक की लाश मिली थी, जिसकी पहचान अंकुर कुशवाहा के रूप में की गई। इसके बाद तीसरे दिन सोमवार 6 अक्टूबर को दूसरे युवक आशीष भोई की लाश मिली। वहीं युवती की तलाश अभी भी की जा रही है।

# झमाझम बारिश ने किया परेशान



**बिलासपुर।** मानसून विदाई शुरू होने के कारण ही प्रदेश में मौसम बदल चुका है, कई जिलों में झमाझम बारिश हो रही है। बिलासपुर भी इससे अछूता नहीं है। पिछले दो दिनों से रह-रह कर बारिश हो रही है। सोमवार को सुबह 6 बजे से रूक-रूक कर बारिश होती रही, दोपहर से शुरू हुई रिमझिम बारिश ने लोगों को भींगने को मजबूर कर दिया है। इस दौरान लोगों को एक बार फिर रेनकोर्ट निकालने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

अक्टूबर माह की शुरूआत के साथ ही बारिश कहर ढा रही है। रोजाना बारिश होने से लोगों का जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है। इस दौरान मौसम की मार किसानों के साथ ही व्यापारियों पर कहर ढा रही है। लगातार हो रही बारिश के ने सभी रिकार्ड तोड़ दिए हैं। खास बात यह है कि बारिश में भीगते ही लोगों को बीमारी चपेट में ले रही है, सर्दी, खांसी के साथ ही फीवर की समस्या होने लगी है। प्रदेश में मानसून अब विदाई की ओर है। मौसम विभाग के अनुसार मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी रेखा अब गुजरात से लेकर उत्तर प्रदेश तक पहुंच चुकी है। वहीं, उत्तर-पूर्व बिहार और झारखंड के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है, जो समुद्र तल से 4.5 किमी की ऊंचाई तक फैला हुआ है। वहीं उत्तर बिहार से झारखंड और उत्तर ओडिशा तक द्रोणिका बनी हुई है, जिससे हल्की बारिश की स्थिति बनी हुई है। अगले 24 घंटों में प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा के साथ गरज-चमक और वज्रपात की संभावना है।

# कफ सिरप को लेकर ड्रग विभाग ने चेताया



**बिलासपुर।** राज्य सरकार के आदेश के बाद ड्रग विभाग भी अलर्ट मोड पर आ गया है। जिसमें सभी मेडिकल दुकान और संघ को पत्र लिखकर स्त्रेन फार्मास्यूटिकल की कोल्डरिफ सिरप (बैच नंबर एसआर 13 निर्माण तिथि मई 2025) को अमानक घोषित करने के बाद भंडारण की जांच और बिक्री पर रोक लगा दी है। सोमवार को ड्रग स्पेक्टरों के जिले में सैंपल कलेक्शन किया गया है, जिसे जांच के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है।

राज्य सरकार के आदेश के बाद ड्रग विभाग कार्रवाई कर रहा है। सभी मेडिकल दुकान और संघ को पत्र लिखकर स्त्रेन फार्मास्यूटिकल की कोल्डरिफ सिरप को अमानक घोषित करने के बाद भंडारण की जांच और बिक्री पर रोक लगा दी है। सोमवार को ड्रग स्पेक्टरों के शहर के 6 स्टाकिस्टों से उक्त दवा से संबधित स्टॉक की जांच की गई है। इसी प्रकार के फामूले से संबंधित 4 दवा के नमूने लिए गए है, इस नमूनों को जांच हेतु राज्य के लैब में भेजने की तैयारी की जा रही है। ज्ञात हो कि 5 अक्टूबर को औषध निर्माण इकाइयों का जोखिम-आधारित निरीक्षण करने हेतु औषधि निरीक्षकों के दल गठित किया गया है। इसका उद्देश्य बच्चों के संदर्भ में किसी भी प्रकार की दवाओं का अनुचित या असावधानीपूर्वक उपयोग पूर्णतः बंद करना है। अभिभावकों से अनुरोध किया गया है कि बिना चिकित्सकीय परामर्श के बच्चों को कोई भी दवा न दें।

## स्टापेज उसलापुर स्टेशन में होगा, ट्रेन में 400 से अधिक बर्थ खाली

# दुर्ग-निजामुद्दीन स्पेशल चलेगी 24 नवंबर तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दुर्ग से हजरत निजामुद्दीन के बीच आठ फेरे के लिए पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरु किया गया है। 24 नवम्बर तक चलने वाली इस स्पेशल ट्रेन का स्टापेज उसलापुर स्टेशन में होगा, जिसमें 400 से अधिक बर्थ खाली चल रहे हैं।

रेल प्रशासन ने नवरात्रि से लेकर दशहरा और दीपावली, छठ पर्व में यात्रियों की भीड़ को कम करने के लिए स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरु कर दिया है, जिसमें यात्रियों की भीड़ काफी कम होने के कारण रेलवे को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। रेलवे की उम्मीद से काफी कम यात्री स्पेशल ट्रेनों में सफर कर रहे हैं। इन सभी ट्रेनों में आरामदायक सफर करने के लिए रेल प्रशासन लगातार यात्रियों से अनुरोध कर रहा है, लेकिन यात्रियों की पहली पसंद प्रतिदिन चलने वाली सामान्य ट्रेनें हैं। स्पेशल ट्रेनों से अधिक भीड़ सामान्य ट्रेनों में हो रही है। इसी तरह अब रेलवे एक स्पेशल ट्रेन का परिचालन दुर्ग से



हजरत निजामुद्दीन के बीच कर रही है। गाड़ी संख्या 08760/08761 दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन और हजरत निजामुद्दीन से दुर्ग के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन का स्टापेज एसईसीआर जोन के दुर्ग, रायपुर, उसलापुर, पेण्ड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया में दिया जा रहा है, जिसका 8 फेरे का परिचालन 5 अक्टूबर से शुरु होने के बाद 24 नवंबर तक हो रहा है। दुर्ग-निजामुद्दीन प्रति रविवार को और हजरत निजामुद्दीन-दुर्ग प्रति सोमवार को चलाई जाएगी, जिसमें लगाए गए सभी कोच में 400 से अधिक बर्थ खाली हैं।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार 12 अक्टूबर को एसी टू में 2 बर्थ, एसी थ्री में 394 बर्थ, एसी थ्री इकॉनामी में 97 बर्थ, स्लीपर में 56 बर्थ, 19 अक्टूबर को एसी थ्री में 179, एसी थ्री इकॉनामी में 24 बर्थ, 2 नवंबर को एसी थ्री में 349 बर्थ, एसी थ्री इकानामी में 94 बर्थ, स्लीपर में 19 बर्थ, 9 नवम्बर को एसी टू में 10 बर्थ, एसी थ्री में 412 बर्थ, एसी थ्री इकॉनामी में 113 बर्थ, स्लीपर में 111 बर्थ, 16 नवंबर को एसी टू में 11 बर्थ, एसी थ्री में 421 बर्थ, एसी थ्री इकॉनामी में 105 बर्थ, स्लीपर में 171 बर्थ, 23 नवम्बर को एसी टू में 6 बर्थ, एसी थ्री में 370 बर्थ, एसी थ्री इकॉनामी में 112 बर्थ और स्लीपर में 84 बर्थ यात्रियों के लिए उपलब्ध हैं, जिसमें यात्री रेलवे के आरक्षण कार्यालय या फिर आनलाइन टिकिट बुकिंग कर आरामदायक सफर का आनंद ले सकते हैं।


श्री प्रकाश गोलछा
मान.
कमल सोनी जी
प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन
एवं
अध्यक्ष बिलासपुर सराफा एसोसिएशन
एवं
प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष
छत्तीसगढ़ चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स
सेवक, श्री खाटू श्याम मंदिर बिलासपुर
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
अजय सराफ
कार्यकारी अध्यक्ष
बिलासपुर सराफा एसोसिएशन
श्रीकांत पाण्डेय
महासचिव
बिलासपुर सराफा एसोसिएशन
रौनक साव
कोषाध्यक्ष
बिलासपुर सराफा एसोसिएशन
जितेन्द्र सोनी
नवनाथ एवले
साजन सोनी
राजेश सोनी
प्रकाश सोनी
अमित गांधी
सुरज सोनी
मोतीलाल मन्नू सोनी
रितेश सलूजा
जितेन्द्र पवार
शशांक स्वर्णकार
J.J.Ad

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, मंगलवार 7 अक्टूबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




एजुकेशन

## 10वीं-12वीं के प्राइवेट स्टूडेंट 31 तक भर सकेंगे परीक्षा फॉर्म

**बिलासपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं-बारहवीं की परीक्षा में प्राइवेट स्टूडेंट के रूप में शामिल होने की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि घोषित कर दी है। प्राइवेट स्टूडेंट सामान्य फीस के साथ 1 से 31 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। विलंब शुल्क के साथ छात्र 1 से 15 नवंबर तक परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं, जबकि विशेष विलंबर शुल्क के साथ 16 से 30 नवंबर तक का समय दिया जाएगा। माशिम द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक, छात्र जिस विद्यालय के माध्यम से परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, उस संस्था से संपर्क कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। केवल माध्यमिक शिक्षा मंडल से मान्यता प्राप्त विद्यालय के जरिए ही प्राइवेट छात्र आवेदन कर सकेंगे। इससे संबंधित विस्तृत जानकारी माशिम की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। किसी तरह की समस्या होने पर छात्र माशिम से संपर्क कर मार्गदर्शन ले सकेंगे।



### द्वितीय परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन-पुनर्गणना परिणाम जारी


माध्यमिक शिक्षा मंडल ने द्वितीय परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन व पुनर्गणना परिणाम भी शुक्रवार को घोषित कर दिए हैं। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 2025 की द्वितीय मुख्य (सप्लीमेंट्री) परीक्षाओं का परिणाम 20 अगस्त को घोषित किया जा चुका है। यह परीक्षा उन छात्रों के लिए आयोजित की गई थी, जो 10वीं या 12वीं बोर्ड परीक्षा में असफल रहे थे या अपने अंकों से संतुष्ट नहीं थे। मार्च-अप्रैल में मुख्य परीक्षा होने के बाद जुलाई में द्वितीय परीक्षा हुई थी। अगस्त में परिणाम घोषित होने के बाद नतीजों से असंतुष्ट छात्रों ने पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के लिए आवेदन किया था। जिनके नतीजे 3 अक्टूबर को माशिम ने अपने वेबसाइट में अपलोड कर दिए हैं।

# शरद पूर्णिमा पर बांटी खीर, खाटू श्याम का विशेष श्रृंगार

आश्विन मास की पूर्णिमा तिथि पर सोमवार को शरद पूर्णिमा मनाई गई, शरद पूर्णिमा महोत्सव पर नगर के प्रमुख मंदिरों में खीर का प्रसाद वितरित किया गया, मंदिरों में भगवान को खीर का भोग लगाया गया। कॉलोनियों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। शाम को सोलह कलाओं के साथ उदित चंद्रमा का दीदार कर अर्घ्य देते हुए पूजा-आरती की गई। अमृत वर्षा की आस में लोगों ने खुले आसमान के नीचे खीर रखी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्रीराम मंदिर तिलक नगर, व्यंकटेश मंदिर, हरदेव लाल मंदिर, श्री खाटू श्याम मंदिर सहित अन्य मंदिरों में रात में मां लक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना के साथ खीर का प्रसाद वितरित किया गया, शरदोत्सव पर शहर में कई जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पौराणिक महत्व के अनुसार इस दिन चंद्रमा की किरणों से अमृत बूंदें झरती हैं। पूर्णिमा की रात में जिस भी चीज पर चंद्रमा की किरणें गिरती हैं, उसमें अमृत का संचार होता है। इसलिए शरद पूर्णिमा की रात में खीर बनाकर पूरी रात चंद्रमा की रोशनी में खीर को रखा जाता है और सुबह उठकर यह खीर प्रसाद के रूप में ग्रहण की जाती है। इस दिन चंद्रमा अपनी 16 कलाओं से युक्त होकर अमृत वर्षा करता है।





### राम मंदिर में भजन संध्या

ब्रज गोपिका सेवा मिशन के सानिध्य में शरद पूर्णिमा पर तिलकनगर राम मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजनों से मंदिर में भक्तिमय माहौल रहा, जिसमें भक्तों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर आनंद लिया। कार्यक्रम उपरांत खीर प्रसाद का वितरण किया गया।







### महाराष्ट्र मंडल ने अभंग भाव गीतों की प्रस्तुति दी

पारिजात स्थित महाराष्ट्र मंडल में अभिजात मराठी भाषा दिवस और शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में महाराष्ट्र मंडल द्वारा मराठी अभंग भाव गीतों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम नांदेड़ से आए सुरमणि धनंजय जोशी और स्मिता राजे और साथीदारो द्वारा मराठी गानों की प्रस्तुति दी गई, जिसमे अभंग,भक्ति गीत,भाव गीत, उप शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा दी गई। महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष मोहन देवपुजारी,उपाध्यक्ष सुरभि खनगन, उर्वशी सतर्के कोषाध्यक्ष विवेक दांडेकर, सचिव समीर भुरंगी द्वारा कलाकारों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे और संपूर्ण कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में शरद पूर्णिमा के उपलक्ष में बनने वाले विशेष दूध और स्वल्पाहार का वितरण किया गया।

### श्वांस, दमा की औषधि नि:शुल्क बांटी गई



वैद्यनाथ दवाई दुकान में शरद पूर्णिमा पर नि:शुल्क दवाईयां का वितरण किया गया। इस दवाई से श्वांस, दमा के मरीजों को अप्रत्याशित लाभ मिलता है। इन मरीजों को लगातार 3 वर्षो तक दवा का सेवन करना चाहिए। आयुर्वेद चिकित्सक डॉ नरेन्द्र शर्मा जूनी लाइन ने बताया कि उक्त दवाई लेने अंबिकापुर, रायगढ़, कोरबा, शिवरीनारायण से लोग आते हैं। शरद पूर्णिमा की रात्रि को खीर में उक्त दवा का सेवन किया जाता है। मान्यता है कि शरद पूर्णिमा में रात्रि को अमृत की वर्षा होती है जिसमें खीर मिश्रित दवाईयां लाभ पहुंचाती है। आयुर्वेद चिकित्सक डॉ शर्मा नियमित रूप से मरीजों को नि:शुल्क परामर्श देते हैं। उन्होंने कहा कि यदि लोग अपनी बीमारियों के शुरू दौर में ही इस आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को अपनाएं तो स्वास्थ्य, समय एवं धन तीनों की ही बचत हो सकती है क्योंकि इस चिकित्सा पद्धति में किसी भी प्रकार का दुष्परिणाम अर्थात साइड इफेक्ट नहीं होता है यह पूर्णतः सुरक्षित है।

## ब्राम्हण विकास परिषद व सरयूपारीण नारी कल्याण समाज का वार्षिकोत्सव

छत्तीसगढ़ी ब्राम्हण विकास परिषद एवं छत्तीसगढ़ सरयूपारीण नारी कल्याण समाज का वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह अशोक नगर में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. प्रदीप शुक्ला समाज के अध्यक्ष ने किया तथा साथ ही विशिष्ट जनों में डॉ विनोद तिवारी, एसडी बड़गैया, संजय शर्मा तथा महिला समाज के अध्यक्षा जयश्री शुक्ला कार्यकारिणी अध्यक्ष संगीता शुक्ला मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय शर्मा, अनिल तिवारी, सष्मिता शर्मा, रश्मि द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम धर्माचार्य के रूप में पंकज भूषण, नीरज भूषण, श्रीधर गौरहा, धमेन्द्र गौरहा, पूनम शुक्ला सम्मानित हुए।





### मां लक्ष्मी का पूजन किया गया

शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर विध्या दुर्गा उत्सव समिति विद्मया नगर के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति मंगलवार को मां लक्ष्मी का पूजन अर्चना किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ योग आयोग के पूर्व सदस्य व समिति के संरक्षण रविंद्र सिंह ठाकुर, विजय तिवारी, चंद्रनाथ चटर्जी, प्रशांत पांडेय, अनिल चंदेल सहित वार्ड व शहर के भक्तगढ़ उपस्थित थे।

कार्यक्रम

## साईं नृत्य निलयम के प्रतिभागियों ने संगीत, नृत्य से सबको रिझाया



**बिलासपुर।** नृत्यथी कलाक्षेत्रम और डॉ जी रथेश बाबू द्वारा आयोजित एआईडीए अंतर्राष्ट्रीय संगीत और नृत्य प्रतियोगिता और नटवर गोपीकृष्ण राष्ट्रीय पुरस्कार में साईं नृत्य निलयम को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ संस्थान के रूप में सम्मानित किया गया है। जो संगीत और नृत्य की 12 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता है और इसमें पूरे देश से 2 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया है। साईं नृत्य निलयम के अध्यक्ष और निदेशक गुरु श्वेता नायक ने बताया



कि साईं नृत्य निलयम के 45 छात्रों ने 12 दिनों के राष्ट्रीय आयोजन में उल्लेखनीय स्थान हासिल किए, जिनमें आराध्या धर दीवान और प्रतीकदीप को नंदी पुरस्कार, दृष्टि यादव और शिवन्या वर्मा को नाट्य हिरण्मयी राष्ट्रीय पुरस्कार, चेतन्य साहू और पी सानवी को नृत्यकला बालश्री, सुहानी धर को उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार दिया गया। प्रदान किए गए खिताबों को छोड़कर, मेघा, स्तुति, आदिश्री, रक्षिता, के वंशिका, रीतिका ने पहला स्थान हासिल किया। जबकि कार्तिक, आद्या, साईप्रीत, तृषा, आकांक्षा, प्रांसी, अंकिता, जनिशा, आभा, लावण्या, हृतिका, ऐशानी, ऋत्विका, अनाएशा ने दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि मिती, इशिका, ने दूसरा स्थान हासिल किया। साईं नृत्य निलयम के संस्थापक और निदेशक के कुशल मार्गदर्शन में वैष्णवी, अवनि, सैली, आराध्या, डेलिया, अदिति, नेहा, अनुष्का, मनीषा ने तीसरा स्थान हासिल किया।

महोत्सव

## छत्तीसगढ़ के लोकनृत्य गेड़ी को रूस के पर्यटकों ने सराहा

**बिलासपुर।** भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय लोक कला महोत्सव में छत्तीसगढ़ के लोक श्रृंगार भारती, तिफरा के गेड़ी लोकनृत्य दल ने जबरदस्त प्रदर्शन कर दर्शकों का मनोरंजन किया। यह आयोजन हैदराबाद के



शिल्पग्राम शिल्परामम के विराट मंच पर 30 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के गेड़ी दल ने नृत्य निर्देशक अनिल कुमार गढ़वाल के नेतृत्व में लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। प्रदर्शन के दौरान रूस से आए पर्यटक गेड़ी नृत्य की कलात्मकता और संतुलन देख दंग रह गए। उन्होंने कलाकरों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कला-प्रेमी जनता की तालियों से मंच गूंजा उठा। संगीतकार संजय रात्रे एवं मोहन डोंगरे ने मादल वादन से समां बांधा, जबकि महेश नवरंग की बांसुरी और सौखीलाल कोशले के हारमोनियम ने वातावरण को और मधुर बना दिया। मुख्य गेड़ी नर्तक प्रभात बंजारे एवं चेतन कुर्रे की नृत्य मुद्राएं जहां दर्शकों को रोमांचित कर गई, वहीं शुभम भार्गव द्वारा गेड़ी नर्तकों के कंधों पर खड़े होकर गेड़ी को लहराया दर्शकों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। सह नर्तक लक्ष्मीनारायण माण्डले, मनोज माण्डले, चंद्रशेखर केवट, फूलचंद ओगरे ने एक ही गेड़ी पर संतुलन बनाकर नृत्य कर दर्शकों को चकित कर दिया।

डीपीएस में मॉडल यूनाइटेड नेशंस का समापन सत्र

# नेतृत्व, संवाद और कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन

दिल्ली पब्लिक स्कूल में मॉडल यूनाइटेड नेशंस का तीसरे और अंतिम दिन महोत्सव का समापन हुआ। विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिनिधियों ने अंतिम समिति सत्रों में एक बार फिर अपने नेतृत्व, संवाद और समस्या-समाधान कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

**बिलासपुर।** तीसरे दिन का मुख्य आकर्षण मसौदा प्रस्तावों की प्रस्तुति और मतदान रहा, जिसमें प्रतिनिधियों ने अपनी कूटनीतिक दक्षता की परख कराई। इन सत्रों में गहन शोध, प्रभावी तर्क-वितर्क, सहमति निर्माण की भावना और वैश्विक समस्याओं के रचनात्मक समाधान प्रस्तुत करने की क्षमता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। समापन समारोह की शुरुआत विद्यालय के संगीत समूह की मधुर एवं आत्मीय प्रस्तुति से हुई, जिसकी मनमोहक ध्वनियों ने वातावरण को सुरमय बना दिया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात सम्मेलन की प्रमुख झलकियों का पुनरावलोकन प्रस्तुत किया गया। एक शानदार नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया और कार्यक्रम में उल्लासपूर्ण ऊर्जा का संचार किया। प्रिंसिपल जसपाल सिंह मथ ने अपने उद्बोधन में सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई दी और कहा कि एमयूएन जैसे मंच छात्रों में आत्मविश्वास, संवेदनशीलता और वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करने में अत्यंत सहायक हैं।





### इस अनुभव को जीवन में अपनाएं : गगन

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पुलिस अधीक्षक गगन कुमार नगर के प्रेरणादायी संबोधन में न केवल पुरस्कार प्राप्त प्रतिभागियों को बल्कि सभी प्रतिनिधियों को उनके समर्पण, शोध, आत्मविश्वास और सहयोग की भावना के लिए बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को यह प्रेरणा दी कि वे यहाँ सीखे हुए मूल्य आलोचनात्मक सोच, सम्मानजनक संवाद और समस्या-समाधान को अपने जीवन के हर क्षेत्र में अपनाएं। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया को केवल बुद्धिमान मस्तिष्कों की ही नहीं, बल्कि दयालु हृदयों और उत्तरदायी नागरिकों की भी आवश्यकता है।

कार्नर न्यूज

सीवी रमन विवि से पुस्तक व कौशल यात्रा को आईजी ने दिखाई हरी झंडी

# ज्ञान अर्जन का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है पुस्तक : शुक्ला

विश्वविद्यालय के विश्व रंग के तहत पुस्तक यात्रा और कौशल यात्रा को आईजी डॉ संजीव शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पुस्तक और कौशल यात्रा संभाग के सभी जिलों विकासखंड के स्कूलों, कालेजों में भ्रमण करते हुए गंतव्य तक पहुंचेगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस अवसर पर रेंज के आई जी डॉ संजीव शुक्ला ने कहा कि हमारे प्राचीन शास्त्रों में ज्ञान अर्जन के तीन मध्यम बताए गए हैं। पहला पर्यटन,दूसरा भ्रमण और तीसरा अध्ययन। इन तीनों में अध्ययन को ज्ञान अर्जन के लिए सर्वश्रेष्ठ माध्यम माना गया है, लेकिन हम वर्तमान तकनीकी समय में अध्ययन से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे में यह पुस्तक यात्रा वापस बच्चों को, युवाओं को अध्ययन से सीधे तौर पर जोड़ेगी। इस अवसर पर उपस्थित कोटा एसडीओपी नूपुर उपाध्याय ने कहा कि आज के समय में कौशल दक्ष होना बहुत जरूरी है।



कौशल विकास यात्रा में एआई को केंद्र में रखकर यात्रा निकाली जा रही है। निश्चित तौर पर सभी वर्ग के लोगों को उसका लाभ मिलेगा। पुस्तक यात्रा और कौशल विकास यात्रा के समन्वयक और आईसेक्ट के राज्य प्रमुख योगेश मिश्रा ने बताया कि पुस्तक यात्रा बिलासपुर से सारंगढ़, शिवरीनारायण, थानखमरिया, बेमेतरा, बलौदा बाजार होते हुए रायपुर पहुंचेगी। इसी तरह कौशल विकास यात्रा कोटा से तखतपुर, तखतपुर से मुंगेली, मुंगेली से लोरमी, लोरमी से पेंड्रा मरवाही होते हुए बिलासपुर आएगी। इन सभी जगह में पुस्तक यात्रा लोगों को युवाओं को विद्यार्थियों को अध्ययन के प्रति जागरूक करती जाएगी।

### जीवन के संघर्षों से लड़कर सफलता दिलाती है पुस्तकः कुलपति

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा की पुस्तक सर्वश्रेष्ठ मित्र होती है। जीवन की हर घटनाओं में हर संघर्ष में आपको कोई साथ दे या ना दे, लेकिन पुस्तक हमेशा साथ देती हैं। जीवन के संघर्षों से बाहर निकाल कर सफलता की ओर ले जाती हैं। इसलिए विद्यार्थियों को पुस्तकों को जरूर मित्र बनना चाहिए।

### युवा मोबाइल छोड़कर अध्ययन करें जीवन की सफलता तय- कुल सचिव

विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि युवा यदि मोबाइल को छोड़कर पुस्तकों का अध्ययन करें,तो उनके जीवन की सफलता तय है। वर्तमान समय में युवाओं के साथ सबसे बड़ी परेशानी मोबाइल ही है। जो उनके जीवन में भटकाव ला रहा है,और एकाग्रता से दूर कर रहा है। इस यात्रा को प्रेरणा के रूप स्वीकार करते हुए युवाओं को अध्ययन की तरफ लौटना चाहिए। कौशल विकास यात्रा आठ जगहों से निकल गई है,जिसमें विश्वविद्यालय के साथ-साथ यात्रा में क्रियान्वयन सहयोग आईसेक्ट कर रहा है। 8 दिन तक पूरे प्रदेश में कौशल रथ का भ्रमण होगा।





### आई चेकअप कैंप का आयोजन

**बिलासपुर।** लायन्स क्लब गोल्ड उत्कर्ष एवं वूमेन के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय बालिका गृह नूतन चौक, सरकंडा में आई चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा बालिकाओं की नेत्र जांच की गई तथा आवश्यक परामर्श दिया गया। क्लब की अध्यक्ष लायन प्रियंका जैन ने बताया कि बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और मानसिक सशक्तिकरण के लिए ऐसे कार्यक्रमों का नियमित आयोजन किया जाता रहेगा।



## खबर संक्षेप

### मंगला पासीद में अखंड नवधा रामायण कल से

**बोदरी।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम मंगला (पासीद) नयापारा में तृतीय वर्ष श्री अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। भव्य कलश यात्रा वेदि पूजन के साथ 8 अक्टूबर को रामायण प्रारंभ होगा। 17 अक्टूबर को श्री राम अभिषेक चढ़ोतरी एवं 18 अक्टूबर को पूर्णाहूति सहस्त्रधारा ब्राह्मण भोज के साथ समापन होगा। आचार्य पंडित सूर्यकांत शर्मा (ग्राम कया) वाले पं राजू प्रसाद दुबे (ग्राम पासीद) वाले पुजारी सुखनंदन पटेल रहेंगे।

## निधन

### लम्बोदर केंवट

**बिलासपुर।** गनियारी निवासी लम्बोदर



केंवट का 4 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 67 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे गोवर्धन और गोविन्द केवट के पिता थे।

### पार्वती यादव

**बिलासपुर।** यादव मोहल्ला निवासी



पार्वती यादव का 6 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 67 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे संतराम यादव की पत्नी थीं।

### मोहम्मद यूसुफ

**बिलासपुर।** करबला रोड निवासी



मोहम्मद यूसुफ का 6 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 56 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा वर्तमान निवास गोविंद नगर सिरगिट्टी से 7 अक्टूबर को खामोश गंज कब्रिस्तान (मरीमाई) के लिए निकलेगी। वे मोहम्मद इरशान खान के वालिद थे।

### सुरेन्द्र कुमार पटेल

**मस्तूरी।** ग्राम पंचायत भरारी के



प्रतिष्ठित नागरिक सुरेन्द्र कुमार पटेल का 49 वर्ष की आयु में 6 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 अक्टूबर को सुबह 11 बजे ग्राम भरारी के मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे इवगेश कुमार पटेल के बड़े भाई थे।

### ज्ञान देवांगन

**तखतपुर।** देवांगन पारा निवासी ज्ञान



देवांगन उम्र 76 वर्ष का 5 अक्टूबर को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा कोनी मन-2, प.ह.नं.23, रा.नि.मं. कोनी तहसील एवं जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ में स्थित भूमि खसरा नंबर 350/2 रकबा 0.12 1/2 एकड़ है जो कि वर्तमान शासकीय रिकार्ड में सोमराज धृतलहरे पिता मंगतराम धृतलहरे निवासी वार्ड नं. 16, करहीपारा निरतू तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के नाम पर दर्ज है उक्त सम्पत्ति को मेरे आसामी अखिलेश केशरवानी पिता श्री जुगल किशोर केशरवानी निवासी वार्ड नं.21, सुभाष नगर गोड़पारा, बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर के द्वारा दो गवाहों के समक्ष पक्का सौदा तय कर बयाना एडवांस राशि दिनांक 24.09.2025 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा 500000/- पांच लाख रुपया RTGS-UBINH2526 7986805 के द्वारा एवं दिनांक 01.10.2025 को 200000/- दो लाख रुपया RTGS-UTR NO-672157730/UBINJ252744226 52 के द्वारा दिया गया है जिसका निकट भविष्य में पंजीयन किया जाना है यह कि यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक इत्यादि को उक्त भूमि के सौदे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति है तो वह अपने आपत्ति मेरे नीचे लिखे पते पर इस समाचार के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेजों सहित प्रस्तुत करें, समयावधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर मेरे आसामी द्वारा अपने पक्ष में सम्पत्ति का पंजीयन करा लिया जावेगा तथा इसके बाद किसी प्रकार का कोई भी दावा आपत्ति स्वीकार्य नहीं किया जावेगा और न ही माना जावेगा।

अतः सूचना जानें।

दिनांक: 4/10/25

भवदीय
(संजीव शर्मा)
अधिवक्ता नेचर सिटी, C-12,
सकरी रोड बिलासपुर
9329855103, 9300989652

## मूलभूत सुविधा से पिछड़ा गांव, लोगों को हो रही परेशानी

# भठलीकला में पेड़ के नीचे होती है ग्राम सभाएं व पंचायत की बैठकें

**पंचायत सचिव के पास बैठने की जगह नहीं, जहां मिले वहीं दफ्तर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

जरहागांव। मुंगेली जिले के जरहागांव क्षेत्र के भठलीकला वर्षों बीत जाने के बाद भी ग्राम पंचायत भवन के लिए तरस रहा है। ग्राम पंचायत नहीं होने के कारण पंचायत कार्य करने में परेशानी होती है। ग्राम पंचायत किसी भी तरह की बैठक के लिए आए दिन विवाद के घेरे में रहता है। स्थिति ऐसे निर्मित हो गई कि पंचायत की बैठक पेड़ के नीचे हो रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच सचिव का काम हमेशा रहता है। पंचायत भवन नहीं होने के सरपंच, सचिव कहीं कहीं बैठे होने के कारण लोगों को भटकना पड़ता है, नतीजन सरपंच हमेशा सील, पैड लेकर घूमते रहते हैं ताकि जहां लोगों के मुलाकात हो वही दस्तखत वाले कार्य कर दिया जाता है।

पुराने भवन में जाना खतरा- वर्षों पुराना एक पंचायत भवन था जो पूर्ण रूप से जर्जर डिस्मेंटल लायक हो गया है जिसमें पैर रखना भी मुनासिब नहीं है, उस भवन पर वर्षों से बैठना छोड़ दिए है। ग्रामीणों ने बताया कि इस विषय पर प्रत्येक चुनाव के दौरान बड़े नेताओं को बताया जाता है हर कोई चुनाव जितने के बाद भवन बनवाने के बात करते हैं उसके बाद भूल जाते हैं, इतने वर्षों में अनेकों बार पंचायत से मांग पत्र मांगा जा चुका है पर अब तक केवल आश्वासन ही मिला है अनेक पंचवर्षीय आया और गया पर अब तक ग्राम पंचायत भवन बनाने तो दूर की बात परेशानियों को सुधी लेने वाला भी कोई नहीं है।



पेड़ के नीचे आयोजित बैठक में शामिल जनप्रतिनिधि।

### हो रही परेशानी

पूर्व समय से ग्राम पंचायत का भवन नहीं है। अलग अलग स्थानों पर ग्राम पंचायत की बैठकें लेनी पड़ती है। उक्त जानकारी विभाग में दी जा चुकी है पर अब तक कोई पहल नहीं हुई है जिनके कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

- देवी साहू,
सरपंच ग्राम पंचायत भठलीकला

### मंगाया गया है मांगपत्र

ग्राम पंचायत से मांग पत्र मंगा ली गई है ,जैसे ही मांग पत्र स्वीकृति होगी तत्काल भवन बनाया जाएगा ।अभी क्या स्थिति है जानकारी मंगाई जाएगी।

-प्रभाकर पांडेय,
सीईओ जिला पंचायत मुंगेली

### पेड़ का डंगाल टूटने से बाल बाल बचे लोग

पंचों ने बताया कि पंचायत भवन नहीं होने के कारण स्कूल प्रांगण के इमली पेड़ के नीचे सभा लगाई जा रही थी। उसी दौरान अचानक बंदर कूदने से पेड़ का डंगाल टूट गया जिनके कारण पेड़ के नीचे बैठे सरपंच, पंच आनन फानन में उठ कर भागकर जान बचाए।

### पानी गिरने पर छह फीट के कमरे में होती है सभा

जानकारी के अनुसार स्कूल में बच्चों की क्लास लगने के कारण कही पर कमरा नहीं मिलता ,अचानक बारिश होने के दशा में छह फीट के एक स्थान पर लोगों को खड़े होकर सभा लेना पड़ता है, नतीजन ग्राम सभा का कार्य बाधित हो रहा है।



## आत्मनिर्भर भारत: स्वावलंबी राष्ट्र की ओर एक मजबूत कदम: तिवारी

■ आत्मनिर्भर भारत पर गनियारी मंडल में कार्यशाला

**सकरी।** आत्मनिर्भर भारत का विचार केवल एक आर्थिक आंदोलन नहीं बल्कि एक सांस्कृतिक, सामाजिक और मजबूत स्वावलंबी भारत के निर्माण से जुड़ने का संकल्प है। यह आंदोलन भारतीयों को देसी वस्तुओं, सेवाओं और ज्ञान पर गर्व करने की प्रेरणा देता है।

उक्त बातें गनियारी मंडल के ग्राम टांड़ा में आयोजित आत्मनिर्भर भारत विषय पर आयोजित कार्यशाला में मुख्यवेक्ता जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने कही। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को स्वदेशी अपनाने शपथ दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गनियारी मंडल अध्यक्ष विनोद यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर हमें अपने घर से इसकी शुरुआत करनी है। और अपने देश के व्यापार को मजबूत करना है। कार्यक्रम को पूर्व जनपद सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुकलाल कौशिक, मंडल उपाध्यक्ष हेमलाल कौशिक, मंडल महामंत्री बलराम पटेल, मोहन पाटले ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री मोहन पाटले एवं आभार प्रदर्शन मनोज साहू मीडिया प्रभारी ने किया। इस अवसर पर रामप्रसाद कौशिक, संतोष यादव, राम बनवास जगत, बसंत गढ़ेवाल, त्रिकेश कुमार, बद्री खांडे, सरपंच अजय कौशिक, मनीष तिवारी, सतीश सोनकर, भास्कर प्रसाद कौशिक, रामेश्वर कौशिक, महेंद्र कौशिक, संदीप सोनी, नंदकुमार यादव, कृष्णकुमार कौशिक, रामकुमार कुर्रे, अनुज राम कौशिक, विजय कौशिक, राजकुमार यादव, जागेश्वर कौशिक, लक्ष्मीकांत यादव, श्रीकेश कुमार, अरुण कौशिक, रामफल, बलराम दस, अर्जुन कौशिक, हर प्रसाद कौशिक, सुरेन्द्र कश्यप, उमेश कौशिक, लक्ष्मी प्रसाद यादव, जागेश्वर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## सरस्वती सायकिल योजना से बेटियां बनीं आत्मनिर्भर



■ आत्मानंद स्कूल में 49 बालिकाओं को मिली सायकिल

**सीपत।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में सरस्वती सायकिल योजना के अंतर्गत बालिकाओं को सायकिल वितरण किया गया। इंग्लिश मीडियम की 19 तथा हिंदी मीडियम की 36 छात्राओं, कुल 49 बालिकाओं को सायकिलें प्रदान की गईं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने बालिकाओं को सायकिल वितरित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की सरस्वती सायकिल योजना बालिकाओं के जीवन में शिक्षा के साथ आत्मनिर्भरता की नई राह खोल रही है। आज की बेटी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है, जरूरत है तो बस अवसर की। यह सायकिल एक साधन मात्र नहीं, बल्कि 'सशक्तिकरण का प्रतीक' है जो बालिकाओं को आत्मविश्वास और स्वतंत्रता दोनों प्रदान करेगी। सीपत भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि सरस्वती सायकिल योजना ग्रामीण क्षेत्र की उन बेटियों के लिए वरदान साबित हो रही है, जो दूर-दराज से विद्यालय आती हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला की प्रभारी प्राचार्य सरिता यादव ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दुबे सिंह कश्यप, सरपंच मनीषा योगेश वंशकार, जिला भाजपा उपाध्यक्ष राज्यवर्धन कौशिक, शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बांके बिहारी गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष अभिलेश यादव, मन्नू सिंह ठाकुर, मदनलाल पाटन, नारायण साहू, हरिश्चंद्र श्रीवास, बसंत साहू, तिरुपति पाटनवार, सतीश पाटनवार, कुलेश्वर पाटनवार, एसएमडीसी सदस्य गीता देवी साहू और वैभव तंबोली उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता संतोष सिंह ने किया तथा आभार प्रदर्शन पीके पटेल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में लोभेराम साहू, रिचा तिवारी, शचि श्रीवास, विनीता शर्मा सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा।



## बिजली दरों वृद्धि के विरोध में युकां ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**बोदरी।** प्रदेश में लगातार हो रही बिजली दरों में वृद्धि, अघोषित बिजली कटौती, स्मार्ट मीटर व बिजली बिल हाफ़ योजना बंद किए जाने के विरोध में विधानसभा युवा कांग्रेस बिल्हा द्वारा अध्यक्ष सुनील साहू के नेतृत्व में बोदरी नगर पंचायत के चकरभाठा सब्जी मंडी में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अज्जू यादव ने कांग्रेस की रीति नीति से प्रभावित होकर लगभग 30 समर्थकों के साथ कांग्रेस प्रवेश किया। कार्यक्रम में उपस्थित ब्लॉक अध्यक्ष बिल्हा गीतांजलि कौशिक, ब्लॉक अध्यक्ष तिफरा लक्ष्मीनाथ साहू, कांग्रेस नेता राजेंद्र शुक्ला, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजू किशन यादव ने कांग्रेस गमछा पहना कर विधिवत कांग्रेस प्रवेश कराया। इस मौके पर बृजेश शर्मा, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजू किशन यादव, बिल्हा विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुनील साहू, दिवाकर दुबे, देवी सिंह, वसीम खान, वाशु निर्मलकर, राजू ध्रुव सौरभ उपाध्याय, सुरजीत सिंह, बसंती तिवारी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी व आमजन उपस्थित थे।



## आत्मनिर्भर भारत राष्ट्र निर्माण की क्रांति है: वस्त्रकार

**तखतपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा चलाए गए आत्मनिर्भर भारत अभियान केवल नारा या शब्द नहीं है बल्कि यह राष्ट्र निर्माण के लिए क्रांति है। आत्मनिर्भर भारत से आशा यह है कि हमारा भारत अपनी आवश्यकताओं के लिए दूसरे देशों पर निर्भर ना रहे। इसके लिए हम सभी को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देना होगा जिस देश में उत्पादन बढ़ेगा, युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा और देश आर्थिक उन्नति करेगा।

उक्त बातें जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार के द्वारा तखतपुर भाजपा मंडल द्वारा आत्म निर्भर भारत पर आयोजित कार्यशाला के मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कहीं। वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक ठाकुर ने कहा कि एक समय था जब भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था उस समय भारत आत्मनिर्भर था विश्व के अन्य देश अपने आवश्यकताओं के लिए भारत की ओर निहारता था। परंतु समय के साथ हम विदेशी वस्तुओं का उपयोग ज्यादा करने लगे हैं देश में उत्पादित वस्तुओं से दूर हो गए है। जिसका प्रभाव देश के सामाजिक आर्थिक विकास पर पड़ रहा है। इसीलिए अब समय आ गया है कि हम स्वदेशी वस्तुओं को महत्व देना प्रारंभ करे और लोगों को इस बारे में जागरूक करे। इस अवसर पर संतोष कौशिक, कृष्ण कुमार साहू, नैन लाल साहू, मनहरण कौशिक, प्रमोद ठाकुर, दिलीप तोलानी, किशन सचदेव, प्रीतम कश्यप, आयुष सिंह, रिषभ कश्यप, गिरीश कश्यप सहित अन्य उपस्थित रहे।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग का शोषण, पार्षद पुत्र गिरफ्तार

**तखतपुर।** नाबालिग लड़की को जबरदस्ती भगाकर ले जाने एवं शादी का प्रलोभन देकर बलात्कार करने के मामले में पार्षद के बेटे को पाक्सो एक्ट के तहत जेल भेजा गया है।



तखतपुर पुलिस के अनुसार तखतपुर बेलसरी के एक प्रार्थी 4 अक्टूबर को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी नाबालिग लड़की को कोई व्यक्ति बहला फुसला कर भगा कर ले गया है। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर गुम इंसान कायम कर मामले को विवेचना मे लिया। विवेचना के दौरान थाना प्रभारी तखतपुर विवेक पाण्डेय की टीम द्वारा सायबर सेल बिलासपुर से प्राप्त लोकेशन के आधार पर घटना के फरार आरोपी आलोक आहूजा पिता सुनील आहूजा के कब्जे से पीड़िता को बरामद किया गया। जहां जांच में पाया गया कि आरोपी द्वारा पीड़िता को नाबालिग होना जानते हुए भी उसे शादी का प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर भगाकर ले गया एवं जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पुलिस उक्त मामले में आरोपी आलोक आहूजा उम्र 21 वर्ष को धारा 137 (2) 87, 64 (2) 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजा दिया गया है।

### युवक से गाली गलौज, मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** घर आने की बात को लेकर युवक के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने वाले के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार देवरीखुर्द बिलासपुर निवासी निखिल दुबे 1 अक्टूबर को अपनी नानी के कहने पर पेण्ड्री गया और जब वह घर में पहुंचा तभी उसके मामा कृष्णचंद पाठक, सुभाष पाठक ने घर क्यों आए हो कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## तेज रफ्तार ट्रेलर ने ली युवक की जान नवाडीह चौक में दर्दनाक हादसा

■ सीपत थाना पुलिस ने शव कब्जे में लेकर शुरू की जांच

**सीपत।** सीपत के नवाडीह चौक के पास सोमवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में गतौरा निवासी युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार की घटनास्थल पर ही जान चली गई। हादसे की सूचना मिलते ही सीपत पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

सीपत पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गतौरा निवासी खिलेश चंद्राकर उर्फ कान्हा सोमवार की रात करीब 8:45 बजे अपनी पल्सर बाइक (क्रमांक CG 10 BV 5778) से गतौरा से गुड़ी की ओर जा रहा था। इस दौरान सामने से तेज गति में आ रही ट्रेलर (क्रमांक CG 10 BH 3957) ने नवाडीह चौक के पास उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलते ही सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी दल बल सहित मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्यवाही की। थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। मृतक के परिजनों को सूचित कर शव को मरच्यूरी में रखा गया है। ट्रेलर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया है और चालक की तलाश जारी है। परिजनों में अपने पहुंचने के पूर्व शव को सड़क से उठाने को लेकर नवाडीह चौक में जमकर हंगामा मचाया।



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस।

## कौशिक ने किया बीईओ का कार्यभार ग्रहण



**बिल्हा/बोदरी।** विकासखंड बिल्हा में भूपेंद्र कौशिक ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। श्री कौशिक पूर्व में विकासखंड तखतपुर, मस्तूरी में सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी, जीपीएम जिले में विकास खंड शिक्षा अधिकारी, शिक्षा संभाग बिलासपुर में सहायक संचालक और जांजगीर चांपा जिले में विकासखंड शिक्षा अधिकारी पद पर थे।

**मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र**
(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)

पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय बिलासपुर रेफरी संख्या 2136/RTO/25 दिनांक 26/09/2025

श्री **खालसा कोल ट्रेडिंग** (रजिस्टर्ड)। है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **टाटा कैपिटल लिमिटेड** (Financio) है / ने सूचित किया है कि उसने / उन्होंने मोटर वाहन असर पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है संख्या **सीजी 10 बी.आर. 7750** एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया-खरीद / पट्टे । उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफॉल्ट के कारण हाइपोथैकेशन, और:
1. आपने उसे / उन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया है।, 2. आप फरार हो गए हैं।

उसने पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और नए सिरे से जारी करने का अनुरोध किया है उसके / उसके नाम में पंजीकरण का प्रमाण पत्र।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाणपत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है वह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिससे धारा 2 (3) के तहत मोटर वाहन का स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारीख से सात दिनों के भीतर इस कार्यालय में, यदि कोई हो, का प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने पर पंजीकरण का एक नया प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा फाइनेंसर का नाम, आपके अनुसार आयोजित पंजीकरण का प्रमाणपत्र रद्द करना धारा 51 (5) के साथ।
तारीख.....

Registered Authorty
Bilaspur(C.G)

**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**ईश्तहार**
(समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु)
रा.प्र.क्र......ब-121/2025
क्रमांक/249/वाचक/तह./2025
लालपुर थाना दिनांक 24.9.25

सर्वसाधारण/आम जनता ग्राम जरहा बरबसपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्द्रप्रकाश पति/पिता श्री शिवचरण जाति सतनामी साकिन जरहा बरबसपुर तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/माता/पुत्री/पुत्र/दादा/दादी/भाई/बहन खोरबहरीन आ. श्री शिवचरण के मृत्यु दिनांक 21.09.2019 ग्राम बरबसपुर को हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 08.10.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 24/09/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
लालपुर थाना,
जिला-मुंगेली (छ.ग.)

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा अटल विहार योजना अंतर्गत चिल्हाटी बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक **एल.आई.जी.-49**, मूल आबंटी संयुक्त नाम श्री विरेन्द्र कुमार निर्णेजक पिता टीकाराम निर्णेजक को आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक **09.05.2017** को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को द्वितीय क्रेता **श्रीमती लईक बानो पति श्री मोबिन खान** को विक्रय करना चाहता है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/ बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**
क्र./ / तह. / रा.नि./ सीमा./2025
सरकण्डा, दिनांक 30/09/2025

प्रति, 1. शिव्या शर्मा पिता राजेश शर्मा 2. विक्रेता 3. पीलाराम 4. गेठा भाई

विषय:- सीमांकन/ बटांकन/ स्थल निरीक्षण के समय उपस्थित होने बावत।

संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/ नायब तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) ज्ञापन क्रमांक // तह./रीडर/2025 बिलासपुर, दिनांक 16.9.25

संदर्भित पत्र अनुसार आवेदक/ आवेदिका शिव्या शर्मा पिता राजेश शर्मा निवासी नर्मदा नगर द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत ग्राम मंगला प.ह.न. 35 रा.नि.म. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि ख.न. 1415/33, 1415/30 रकबा 0.0830, 0.1174 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन/ बटांकन / स्थल निरीक्षण हेतु न्यायालय तहसीलदार/ नायब तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त भूमि का सीमांकन/ बटांकन/ स्थल निरीक्षण न्यायालय तहसीलदार/ नायब तहसीलदार बिलासपुर के आदेश के परिपालन में दिनांक 8.10.25 को समय 11 से 5 बजे से निर्धारित किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अत: आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

टीप:- विशेष परिस्थिति में सीमांकन की तिथि एवं समय में परिवर्तन हो सकता है।

आवेदक का मोबाइल नंबर:-

राजस्व निरीक्षक
सरकंडा, तहसील बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार गण ममता साहू पति रवि साहू निवासी उस्लापुर फाटक मौसाजी व्हाईट हाउस के पीछे, आनंद नगर अमेरी बिलासपुर छ.ग.वालों के द्वारा विक्रेता सुशीला बाई साहू पति संतराम साहू निवासी वार्ड नं.5 गुण्डरदेही जामगांव गरियाबंध जिला गरियाबंध वाले से मौजा सकरी म.नं.2, प.ह.नं.45, रा.नि.मं. सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि 394/2 रकबा 2900 वर्गफीट (हेक्टे.0270) है। की भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा किया गया है जिसमें अग्रिम धन राशि एडवांस के रूप में भुगतान किया जा चुका है तथा निकट समय पर रजिस्ट्री होनी तय है यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/ निकाय/ बैंक को वर्णित खसरा रकबा की भूमि की संबंध में किसी प्रकार की कोई भी आपत्ति तो इस आम सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर अपना आपत्ति मेरे निचे दिये गये नाम एवं पते पर मय दस्तावेज सहित स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर अवगत करावें। अन्यथा की स्थिति में समयावधि पश्चात किये जाने वाले आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा मेरे पक्षकार दिनांक से रजिस्ट्री करा लिया जायेगा।

सो सूचना जानें।
दिनांक: 6/10/2025
बिलासपुर (छ.ग.)

भवदीय
सुखदास मानिकपुरी (अधिवक्ता)
कार्यालय पता: तहसील अधिवक्ता परिसर
नेहरू चौक बिलासपुर,
मो.नं. 7329473574
उच्च न्यायालय, बिलासपुर

**न्यायालय तहसीलदार सीपत**
**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ: जिला-बिलासपुर तहसील सीपत प.ह.नं.00004, सीपत मन 1 ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक RD202425 400211400028.

**ईश्तहार**

तहसील सीपत के प.ह.नं.00004 के अंतर्गत ग्राम सीपत मन 1 के वर्तमान भूमिस्वामी अपना घर इन्फ्रा पार्टनर मुकेश पाण्डेय पिता/पति-स्व. मणीशंकर पाण्डेय पता-बी.59, राम ग्रीन सिटी खमतराई सीपत रोड जिला बिलासपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 961/1 (0.0599) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रंगनाथ साहू पिता/पति-रामदुलारी साहू पता-धनेली तहसील धरसीवा रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/10/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार सीपत पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आम मुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/09/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार सोनू अग्रवाल
सीपत

**IN THE HON'BLE HIGH COURT OF CHHATTISGARH AT BILASPUR**

**CAVEAT PETITION NO..........OF 2025**
**(WRIT PETITION (C) NO....................OF 2025)**

CAVEATOR/ PROPOSED RESPONDENT : SANDEEP SHAH POYAM

**VERSUS**

RESPONDENT/ PROPOSED PETITIONERS : TO GENERAL PUBLIC

**CAVEAT APPLICATION UNDER SECTION 148-A OF THE CODE OF CIVIL PROCEDURE, 1908 READ WITH RULE 142 OF THE HIGH COURT OF CHHATTISGARH RULES**

It is hereby, informed to the General Public that the caveator herein, have filed the instant caveat before the Hon'ble High Court of Chhattisgarh because the caveator have published an press release dated 27.09.2025 whereby it is informed to the general public about the said auction of total 34 shops which was built at gram panchayat Lakhram Bazar, That the caveator/proposed respondent has apprehended that any person from the public it large being aggrieved by the same may file a writ petition before the Hon'ble High Court of Chhattisgarh and may pray for stay with respect to the said process which was initiated in pursuance of the press release dated 27.09.2025, thus, a caveat has been filed. It is hereby informed that any person who desires or is willing to file a writ petition challenging the recruitment process may submit the advance copy to the advocate of the caveator. Copy of the public notice is part of the caveat.

**BILASPUR**
**DATED: 06.10.2025**

**(SIDDHANT TIWARI) COUNSEL FOR THE CAVEATOR**

## खबर संक्षेप

### कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच का त्रिवार्षिक संगठन चुनाव नवंबर में



**बिलासपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक में त्रिवार्षिक संगठन चुनाव 16 नवंबर को लोखंडी परिसर में कराने का निर्णय लिया गया। मंच के प्रदेश संगठन सचिव पं सुदेश दुबे ने बताया कि मंच द्वारा प्रदेश स्तरीय सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 29 अक्टूबर तक जारी रहेगा। 30 अक्टूबर को मतदाता सूची का प्रकाशन शहर कार्यालय बिलासपुर प्रकाशन परिसर मध्यनगरीय चौक बिलासपुर एवं प्रदेश कार्यालय आशीर्वाद भवन लोखंडी परिसर में एक साथ प्रकाशित किया जाएगा। 31 अक्टूबर को आपत्ति ली जाएगी एवं निराकरण किया जाएगा। तत्पश्चात मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। मंच के प्रदेशाध्यक्ष बी के पांडेय की सहमति से मनोहर लाल मिश्र एवं दिनेश बाजपेयी चुनाव अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। बैठक में आदित्य त्रिपाठी, अनूप पांडेय, रामशंकर शुक्ल,मनोहर लाल मिश्र, रश्मि लता मिश्रा, दिनेश बाजपेयी, करूणा शंकर अवस्थी, जितेन्द्र पान्डेय, लक्ष्मी कांत दीक्षित, राजेश पाण्डेय, सुरेन्द्र तिवारी, योगेश मिश्र आदि मौजूद थे।

### सर्वदलीय मंच ने की सोनम वांगचुक की नि:शर्त रिहाई की मांग



**बिलासपुर।** सर्वदलीय एवं जन संगठनों का संयुक्त मंच ने लेह लद्दाख के जन नेता सामाजिक कार्यकर्ता पर्यावरण प्रेमी सोनम वांगचुक के नि:शर्त रिहाई की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। मंच के संयोजक रवि बैनर्जी के नेतृत्व में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के नाम जिलाधीश संजय अग्रवाल को सौंपे ज्ञापन में मांग की कि लद्दाख एवं हिमालय के पर्यावरण के लिए लम्बे समय से संघर्षरत सोनम वांगचुक को लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा की मांग करने को लेकर 26 सितम्बर को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया जो कि असंवैधानिक है। मंच ने गिरफ्तार सोनम वांगचुक को नि:शर्त रिहा करने की मांग की है। मंच ने रेल्वे क्षेत्र में संचालित फटाका बाजार शिक्षा परिसर बंगाली स्कूल उड़िया स्कूल एवं मंदिर परिसर माँ काली मंदिर भवगवान जग्गनाथ मंदिर एवं भगवान बालाजी मंदिर के पास है। इसे स्थानांतरित कर नार्थ इंस्टीट्यूट मैदान में फटाका बाजार को लगाने की मांग की। ज्ञापन सौपने वालो में रवि बैनर्जी, किसान सभा के नंद कुमार कश्यप, सीपीएम से सुखऊ निषाद, गणेश निषाद, सीपीआई के पवन शर्मा, कांग्रेस से राकेश शर्मा, अभयनारायण राय, संयुक्त मंच के एसके जैन, मजहर खान, पीके राही, आरएल सूर्यवंशी, अधिवक्ता सौकत अली मौजूद थे।

### कैंसर पीड़ित बुजुर्ग को सिम्स में मिला जीवनदान



**बिलासपुर।** कैंसर पीड़ित 61 वर्षीय बुजुर्ग को सिम्स के डाक्टरों ने जीवनदान किया है। दंत चिकित्सा विभाग के डाक्टरो ने चौथे स्टेज के कैंसर का संपूर्ण इलाज करने में सफलता पाते हुए बुजुर्ग को बड़ी राहत दी है। डाक्टरों के अनुसार 61 वर्षीय लक्ष्मण मुंह में कैंसर के ग्रसित थे और इलाज के लिए सिम्स पहुंचे थे। तंबाकू खाने की वजह से मुंह में कैंसर हो गया था। मरीज के गले में उपस्थित लिंफ नोड में सूजन हो चुका था, जांच में पाया गया की कैंसर अपने अंतिम स्टेज पर है। दंत चिकित्सा विभाग के डाक्टरों ने सर्जरी का निर्णय लिया, इसके लिए आवश्यक खून, जांच, एक्स-रे और सिटी स्केन कर 7 घंटे की जटिल सर्जरी की गई। इस सर्जरी को तीन भागों में बांटा गया, इसमें कैंसर के साथ संक्रमित जबड़े के हिस्से को निकाला गया। गर्दन में फैल गया था, जिससे निकाला गया और अंत में खाली जगह पर छाती से मांस लेकर पीएमएमसी फ्लैप सर्जरी पूरी की गई। सर्जरी डॉ. भूपेन्द्र कश्यप के मार्गदर्शन में किया गया। टीम में डॉ. संदीप प्रकाश (ओरल एवं मैक्जिलोफेसियल सर्जन) विभागाध्यक्ष, डॉ. जण्डेल सिंह ठाकुर, डॉ. केतकी किनिकर, डॉ. हेमलता राजमणी, डॉ. प्रकाश खरे, डॉ. सोनल पटेल, डॉ. मधुमिता मूर्ति, डॉ. अर्चना सिंह, डीन डॉ. रमणेश मूर्ति एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह का सहयोग रहा।

# कोल इंडिया के मुख्य सतर्कता अधिकारी त्रिपाठी ने कहा-जो जीता वही कोल इंडियन



एसईसीएल मुख्यालय में पौधरोपण करते मुख्य सतर्कता अधिकारी बृजेश कुमार त्रिपाठी सहित अन्य अफसर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोल इंडिया लिमिटेड के मुख्य सतर्कता अधिकारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी अपने दो दिवसीय एसईसीएल दौरे के पहले दिन बिलासपुर स्थित ए स ई सी ए ल मुख्यालय पहुंचे। ए स ई सी ए ल मुख्यालय स्थित आडीटोरियम में श्री त्रिपाठी ने सतर्कता पर एक विशेष व्याख्यान दिया ।

■ एसईसीएल का दो दिवसीय दौरा

श्री त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्र के विकास में हर कोल इंडियन का महत्वपूर्ण योगदान है। कहा जाता है कि जो जीता वही सिकंदर लेकिन मैं कहना चाहूँगा कि जो जीता वही कोल इंडियन। आप सभी की मेहनत का ही फल है कि कोल इंडिया को हाल ही में भारत की 10 सबसे ज़्यादा लाभप्रद कंपनियों में स्थान मिला है। श्री त्रिपाठी ने इस वर्ष की सतर्कता थीम "सतर्कता – हमारी साझा जिम्मेदारी" पर जोर दिया और सभी से सामूहिक प्रयासों द्वारा संगठन में ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक आचरण की संस्कृति को सशक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सतर्कता आपसे है, आपके लिए है और सदा आपके साथ है। यही सतर्कता की सच्ची भावना है, जो प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी में जिम्मेदारी और उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करती है।

### हम अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करें : सीएमडी

सीएमडी एसईसीएल हरीश दुहन ने कहा कि मैं टीम एसईसीएल के हर कर्मी से आह्वान करना चाहूँगा कि हम अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करें और यह हम सबकी साझा ज़िम्मेदारी है। व्याख्यान के पश्चात सीवीओ सीआईएल श्री त्रिपाठी ने एसईसीएल मुख्यालय के सतर्कता विभाग के अधिकारियों के साथ संवाद सत्र में भी भाग लिया। श्री त्रिपाठी ने पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम एवं एक पेड़ सतर्कता के नाम अभियान के तहत पौधा रोपित किया। इस अवसर पर एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन, निदेशक (तकनीकी-संचालन) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, निदेशक (तकनीकी– योजना/परियोजना) आर.सी. महापात्र तथा सीवीओ एसईसीएल हिमांशु जैन द्वारा भी पौधरोपण किया गया। इसके पश्चात समीक्षा बैठक में एसईसीएल द्वारा पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु उठाए गए विभिन्न कदमों और आईटी आधारित पहलों पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई।

### इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का भी दौरा

समीक्षा बैठक से पूर्व श्री त्रिपाठी ने एसईसीएल के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का भी दौरा किया। जहाँ उन्होंने केंद्र के संचालन की जानकारी ली। टीम ने बताया कि यह केंद्र वर्तमान में 750 से अधिक कैमरों से लाइव फीड प्राप्त कर रहा है, जो एसईसीएल की खदानों, परिचालन क्षेत्रों और साइलो में स्थापित हैं। इस उन्नत ई-सर्विलांस प्रणाली से निगरानी व्यवस्था सुदृढ़ हुई है तथा कोयला लोडिंग संचालन भी बेहतर हुआ है।

# डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में आल इंडिया कबड्डी टूर्नामेंट का आग़ाज़



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी संगठन ने ईस्ट जोन कबड्डी प्रतियोगिता टूर्नामेंट महिला,पुरुष वर्ग का सोमवार 6 अक्टूबर को आगाज हो गया।

■ आईजी शुक्ला ने कहा - अच्छा खेलना जरूरी है, जीत हार तो बाद की बात होती है

इस टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग में 56 विश्वविद्यालय के और महिला वर्ग से 44 विश्वविद्यालय के कुल 1600 खिलाड़ी और 9 राज्यों के खिलाड़ी प्रदर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बिलासपुर रेंज के आईजी डॉ संजीव शुक्ला ने कहा कि कबड्डी पूर्ण रूप से प्राकृतिक खेल है । यह सबसे अधिक खेले जाने वाला खेल है । उन्होंने कहा कि भारत देश के 80% गांव में यह खेल खेला जाता है । जिसके लिए किसी महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर या सामानों की जरूरत नहीं होती, इसलिए सबसे अधिक लोकप्रिय भी है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि अच्छा खेलना जरूरी है । जीत हार तो बाद की बात होती है । इसलिए विद्यार्थियों को अच्छा खेलने की मंशा से मैदान में उतरना चाहिए।

### विद्यार्थी खेल भावना से खेलें और सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा का प्रदर्शन करें: कुलपति

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विवि के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि विद्यार्थी खेल भावना से खेलें और सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा का प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि खेल से हमें केवल जितना ही नहीं हर को स्वीकार करना भी सीखना होता है। विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉक्टर अरविंद तिवारी ने कहा कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ निवास करता है। इसलिए खेलों का महत्व सबसे अधिक होना चाहिए। उन्होंने बताया कि पूरे टूर्नामेंट में 1600 खिलाड़ी विश्वविद्यालय में खेलेंगे । उन्होंने मेजबानी के लिए ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी संगठन का आभार भी जताया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हम और भी अधिक खेलों की मेजबानी करेंगे। कोटा एसडीओपी नूपुर उपाध्याय ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल बेहद जरूरी है । खेल ही व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारता है। इस अवसर पर केरल कालीकट विश्वविद्यालय से आए ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी संगठन के ऑब्जर्वर डॉ पी के मनोज, कबड्डी फेडरेशन के ऑब्जर्वर मनोज कुमार साहू ने भी अपने विचार रखे। आभार प्रकट डॉक्टर जयशंकर यादव ने किया।

### 1600 खिलाड़ी पहुंचे यूनिवर्सिटी



यह आयोजन 6 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक पुरुष कबड्डी स्पर्धा एवं 11 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक महिला कबड्डी स्पर्धा के लिए सुनिश्चित किया गया है । इसमें असम, मणिपुर ,त्रिपुरा, बिहार ,झारखंड, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और मेजबान छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल हो रहे हैं।

### यह टीम पहुंची अगले दौर में

टूर्नामेंट के पहले दिन इन टीमों ने जीत कर अगले दौर में प्रवेश किया है। इसमें डॉ सी वी रमन विवि, उत्कल विवि, गुरुघासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि रांची, संबलपुर विवि उड़ीसा, बनारस हिंदू विवि उत्तर प्रदेश और अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर शामिल है।

# ओयू व बस्तर विवि के बीच हुआ एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी बिलासपुर एवं शहीद महेन्द्र कर्मा यूनिवर्सिटी बस्तर जगदलपुर के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया है। इस एमओयू तहत ओपन यूनिवर्सिटी और महेन्द्र कर्मा विवि शोध व शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए दोनों अपने संसाधन साझा करेंगे।

पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी और बस्तर यूनिवर्सिटी के बीच एमओयू के तहत दोनों यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी, शोधार्थी और प्राध्यापक एक-दूसरे के संसाधनों का उपयोग कर सकेंगे। इससे शिक्षा और शोध की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। दोनों यूनिवर्सिटी अपनी क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप अंतर-अनुशासनात्मक शोध परियोजनाओं पर मिलकर कार्य करेंगे। समझौते के अनुसार प्राध्यापक शोध और अध्यापन के लिए लघु या दीर्घ समयावधि के लिए दूसरे यूनिवर्सिटी में जा सकेंगे। इससे किसी प्राध्यापक की विशेषज्ञता का लाभ दोनों यूनिवर्सिटी को मिलेगा। इसके साथ ही दोनों यूनिवर्सिटी सांस्कृति गतिविधियों को भी प्रोत्साहित करेंगे। पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. वीके सारस्वत और शहीद महेन्द्र कर्मा यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

### स्टार्टअप व इंटर्नशिप को मिलेगा बढ़ावा




महेन्द्र कर्मा यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश के दो महत्वपूर्ण यूनिवर्सिटी के बीच होने वाले इस एमओयू से स्टार्टअप व इंटर्नशिप को बढ़ावा मिलेगा, जिससे छत्तीसगढ़ सरकार की मंशा अनुरूप बस्तर ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ के छात्रों व युवाओं का फायदा होगा। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को उम्मीद है कि यह समझौता दोनों क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### एमओयू राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप

कुलपति प्रो. सारस्वत ने विश्वास जताया कि इस समझौते का लाभ दोनों विवि के साथ-साथ समग्र क्षेत्रीय विकास को भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस एमओयू से न केवल विद्यार्थियों और प्राध्यापकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा बल्कि छत्तीसगढ़ सरकार की मंशा के अनुरूप प्रतिभावान छात्रों को रोजगारपरख पाठयक्रमों का भी लाभ मिलेगा।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए रास डांडिया समिति ने सौंपी डेढ़ लाख की सहायता राशि



**बिलासपुर।** नवरात्रि पर्व पर फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल में रास डांडिया आयोजन समिति ने पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद करने 1 लाख 50 हजार की सहायता राशि जिला प्रशासन को दिया है।

एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने डेढ़ लाख का चेक आज कलेक्टर संजय अग्रवाल को सौंपा है। समिति द्वारा जो पास जारी किया गया था उसमें प्रति पास 100 रुपए की राशि बाढ़ पीड़ितों के लिए पंजाब प्रशासन को भेजने का निर्णय लिया था। समिति के द्वारा सदस्यों तथा बिलासपुर के नागरिकों से भी सहयोग राशि एकत्र की गई थी। यह राशि आज कलेक्टर संजय अग्रवाल को प्रदान की गई। प्रिंस भाटिया का कहना है कि पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के साथ हमारा बिलासपुर शहर हमेशा साथ में है। और बाढ़ पीड़ितों की सहायता करने हम सब मिलकर काम कर रहे हैं। यह राशि राज्य सरकार के माध्यम से पंजाब शासन को भेजी जाएगी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने भी रास डांडिया आयोजन समिति की तारीफ करते हुए इस पहल का स्वागत किया।

# एनएसयूआई ने सीयू के खिलाफ दी आंदोलन की चेतावनी



**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा बीएससी कंप्यूटर साइंस के फाइनल ईयर के एक छात्र सुदीप शास्त्री को यूनिवर्सिटी से निकाल दिया गया है।

वहीं दूसरे छात्र सार्थक मिश्रा का एडमिशन निरस्त कर दिया गया है। इन दोनों छात्रों का सेंट्रल यूनिवर्सिटी में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके खिलाफ एनएसयूआई ने आवाज उठाई है और यूनिवर्सिटी पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए छात्र को वापस लेने अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मुद्दे पर प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्की मिश्रा ने कहा कि गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में तानाशाही का माहौल बना हुआ है। कंप्यूटर साइंस विभाग के छात्र सुदीप शास्त्री का टीसी और करेक्टर सर्टीफिकेट बिना किसी स्पष्ट कारण के जारी किया गया जो प्रशासन की छात्र विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। यह कदम छात्रों को डराने और चुप कराने की साजिश का हिस्सा है। उन्होंने यूनिवर्सिटी प्रशासन को 10 दिनों का अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि यदि छात्र सुदीप शास्त्री का टीसी और सीसी वापस नहीं लिया गया तो एनएसयूआई उग्र आंदोलन करेगा। उन्होंने बताया कि छात्र सार्थक मिश्रा का एडमिशन निरस्त कर दिया गया है। यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

### टीसीएस का चौकसे कालेज में कैंपस ड्राइव 10 को



**बिलासपुर।** चौकसे कॉलेज में 10 अक्टूबर को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का बिलासपुर क्षेत्र में पहला कैंपस भर्ती अभियान आयोजित करने जा रहा है। यह आयोजन स्नातक (3 वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम) के छात्रों के लिए आईटी कंपनियों में से एक के साथ अपने व्यावसायिक करियर की शुरुआत करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा समूह का हिस्सा है और आईटी सेवाओं कंसल्टिंग तथा बिजनेस सॉल्यूशंस के क्षेत्र में एक वैश्विक अग्रणी कंपनी है। चौकसे समूह के प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल ने कहा कि आईसीएस का यह आगमन चौकसे और बिलासपुर क्षेत्र के छात्रों के लिए एक स्वर्णिम अवसर है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मंतोष सिन्हा ने कहा कि बहुराष्ट्रीय कंपनी की उपस्थिति से छात्रों की पेशेवर विकास मिलेंगे। रजिस्ट्रार आशुतोष पांडे, प्रो. विनोद सिंह खरसन ने टीसीएस का आभार प्रकट करते हुए कहा कि बिलासपुर और चौकसे की क्षमता को मान्यता देकर यहां भर्ती अभियान आयोजित करना गर्व की बात है।

### आईसेक्ट की कौशल यात्रा शुरू



**बिलासपुर।** आईसेक्ट द्वारा 6 अक्टुबर से कौशल रथ कौशल विकास यात्रा 2025 का शुभारंभ किया। यह यात्रा 20 राज्यों के 300 जिलों के 500 स्कूलों, कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंचेगी और लाखों विद्यार्थियों, युवाओं एवं शिक्षकों को कौशल विकास और भविष्य की तकनीकों से अवगत कराया जाएगा। यात्रा के दौरान रायपुर के महंत लक्ष्मीनारायण दास कॉलेज के प्रर्चाय डॉ देवाशीश मुखर्जी और डॉ राधाबाई शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय की आईक्यूएसी प्रभारी डॉ प्रीति श्रीवास्तव ने आईसेक्ट के इस प्रयास की सराहना की। आईसेक्ट के प्रवक्ता डॉ देवव्रत दासगुप्ता ने कहा कौशल विकास यात्रा यह भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक ठोस पहल है। इस दौरान यात्रा के साथ पहुंचे डॉ शांतनु पॉल, डॉ प्रेम कुमार चंद्राकर, डॉ दीप्ति झा, डॉ रुपा सालहोत्रा, डॉ श्रध्दा मिश्रा, डॉ निशा बर्ले, डॉ श्वेता अग्निवंशी, ज्ञानेश्वर चाँदेकर, संदिप ऐच, और रुपेंद्र देवांगन ने इसे एक अनूठा प्रयास बताया।

## छग लघु एवं सहायक उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया ने जताई चिंता

# ठगी प्रथा पर रोक के लिए सभी सामूहिक प्रयास करें: केडिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छग लघु एवं सहायक उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया का कहना है कि ठगी प्रथा जिस तरह से बढ़ती जा रही है, वह चिंतनीय है।

शुरूवाती दौर में मध्यम आय वाली महिलाओं को बीसी अथवा किटी खिलाने की अच्छी भावना से शुरू हुआ। यह पूंजी एकत्रीकरण धीरे धीरे हर मुहल्ले एवं ग्रामीण क्षत्रों में चौतरफा फैल गया। इसमें कुछ धूर्त लोग प्रवेश पाने लगे एवं पैसा गायब करके भागने लगे। दैनिक जीवन में पैसों की आवश्यकता एवं मजबूरियॉं या लालच ने इसे बढ़ावा दिया। सोना चांदी चमका लो - दोगुना हो जाएगा जैसी ठगी प्रथा तो सामान्यजन को क्या कहें। पुलिस परिवार तक पहुंच गया था। राजस्थान में गड़ा हुआ सोना मिला है - जिसे आधे दाम में दें दूंगा, मुझे एवं मेरे मित्रों सहित अनेक लोगों को ऐसा फोन आया। एक दो लोग इस लालच में फॅसकर अपना परिश्रम का पैसा गॅवाते भी है। फिल्मों में काम दिलाने का लालच देकर युवतियों को बरगलाने की घटनाएं आती रहती हैं। गरीब लड़कियों को सामान बेचने के लिए बड़ा बड़ा थैला देकर घर घर घुमाना एवं उनसे कहलवाना कि वे एमबीए की छात्रा है, उनकी बेबसी का फायदा उठाना एवं उनसे सुरक्षा निधि एवं सामान के नाम पर पैसा लेकर भाग जाना, अत्यंत दुखद है। श्री केडिया ने कहा कि इन गरीब छात्र-छात्राओं को किसी हाल में इकठ्ठा करके सुनहरे भविष्य का जोशीला भाषण देकर ठगना - पीड़ा दायक है। तिलस्मी अंदाज में अपनी पहुंच का



विश्वास दिलाकर नौकरी लगाने के नाम पर ठगने का सिलसिला तो रोज सुनाई पड़ता है। रेल्वे में हर वर्ष ठगने की ऐसी घटनाएं होती हैं। बिटकाईन या क्रिप्टोकरेंसी के जरिए रोज पढ़े लिखें लोग भी ठगे जा रहे हैं।

चिटफंड कपनी जिसमें बंगाल का शारदा चिटफंड एवं उत्तर प्रदेश का सहारा ग्रुप ने अपनी राजनैतिक एवं अफसरशाही तक पहुंच के आधार पर पूरे देश को लूटा। आज भी लाखों करोड़ रूपया इस कंपनियों में फॅसा हुआ है। शेयर मार्केट में पैसा दूगना,चैगूना करके विदेश यात्रा एवं भारी ब्याज का लालच देकर लोगों को ठगने का नया सिलसिला प्रारंभ हुआ है। रोज समाचार पत्रों में ठगने की नई नई विद्या की जानकारी मिलती रहती है। इसके बावजूद जाल में लोग फॅस रहे है। अपना पैसा गवॉं रहे है। बैंकों के एटीएम से पैसा निकालकर ठगा जा रहा है, अनजान से मोबाईल में बात करना नुकसानदायक साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को यह समझना चाहिए कि कोई भी स्कीम रुपए को दूना तिना नहीं कर सकती हैं। कोई जादूगर,बाबा या तिलस्मी व्यक्ति नहीं हैं जो रुपए को रातोरात बढ़ा सके। जो भी यह स्कीम देता है। वह ठगने के लिए जाल फेकता है।

### विदेश यात्रा के नाम पर भी ठगी

शुरू में विश्वास दिलाने के लिए कोई लालच देगा भी, किंतु इसका परिणाम जालसाजों से अपना पैसा गॅवाना ही है। जालसाज लोग हर मुहल्ले में दलाल भी रखते हैं, जो कहानी किस्सा बताकर ठगने का माहौल बनाते हैं। अब, कतिपय बड़े ठग बड़े बड़े होटल में आयोजन करने लगे है। सेमिनार करके प्रभावशाली ढ़ंग से स्पीकर अपनी योजना बतलातें है। जो भाग लेता है, उसका इससे बचना मुश्किल होता है। अभी हाल ही में रोज एक प्रतिशत मुनाफा देने का एवं विदेश यात्रा का लालच देकर करोड़ों रूपयों की ठगी की गई। साईबर क्राईम की तो रोज सैकड़ो घटनाऍ हो रही है। पढ़े लिखे जानकार लोग कम्प्यूटर तकनीकी का फायदा उठाकर रोज ठगी कर रहे है। धोखाधड़ी एवं लालच देकर ठगी का सिलसिला न केवल चालू हैं, बल्कि बढ़ते ही जा रहा है।

### ताईक्वांडो में रमन ने जीता गोल्ड मुदित ने सिल्वर मैडल



**बिलासपुर।** ओपन नेशनल ताईक्वांडो चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 4 और 5 अक्टूबर को इंडोर स्टेडियम बहतराई में किया गया। जिसमें रमन लिल्होरे गोल्ड मैडल एवं मुदित मानेश्वर ने सिल्वर मेडल जीत कर शहर का नाम रौशन किया।



बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का आशीर्वाद लेते भाजपा नेता रोहित मिश्रा।

### शार्ट हैंड प्रशिक्षण का समापन 18 को

**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर व्यापारी संघ द्वारा 3 अक्टूबर से निःशुल्क शार्ट हैंड प्रशिक्षण किया गया है। इस का समापन 18 अक्टूबर को होगा। संघ के अध्यक्ष ने बताया कि यह प्रशिक्षण15 दिन का है, इसमें शार्ट हैंड, टायपिंग नागोराव शेष स्कूल के पास दिया जा रहा है।

**GURUKRIPA PHARMACY COLLEGE**
RAMTALA ROAD, SENDRI, DIST-BILASPUR (C.G.)
Approved by -PCI, Affiliated to csvtu, Bhilai (Run by Vijaylaxmi Foundation)

| S.N. | NAME OF POST | QUALIFICATION |
|---|---|---|
| 01 | Principal | Ph.D.M.Pharm. experience as per AICTE/PCI/CSVTU Norms |
| 02 | Lecturer/Associate professor/ Assistant Professor (Pharmacy Subject) | |

✦ Qualification:- Experience and pay scale as per AICTE/PCI revised guideline & CSVTU Bhilai norms. ✦ Applications: Resumes along with attested photocopies of certificates and 1 passport size photographs should be sent by speed post, Email or WhatsApp within 10 days.

Email ID :- principal.183.csvtu@gmail.com
WhatsApp- 7000421146
Director
GURUKRIPA PHARMACY COLLEGE

## खबर संक्षेप

### युवकों पर चाकू से हमला करने वाला गिरफ्तार



बिलासपुर। महामाया मंदिर परिसर में दो युवकों पर चाकू से हमला करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 30 सितंबर की रात 12 बजे महामाया मंदिर परिसर में बने ज्योति कलश के उपरी फ्लोर पर बिजली ठेकेदार के दो कर्मचारी भेड़ीमुड़ा निवासी दीपक साहू पिता अमृतलाल साहू 28 साल व लखराम निवासी नवीन गुप्ता पिता रमेश गुप्ता काम कर रहे थे। इसी दौरान कुछ युवक वहां आकर बैठ गए। दोनों कर्मचारियों ने युवकों को तार खुला है करंट लग जाएगा कहते हुए हटने के लिए कहा। इस पर युवकों ने गुण्डागर्दी करते हुए दोनों कर्मचारियों के साथ मारपीट कर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया, सोमवार को पुलिस ने फरार आरोपी भेड़ीमुड़ा निवासी रितिक उर्फ रितेश सूर्यवंशी पिता शिवदत्त सूर्यवंशी 22 साल को गिरफ्तार कर चाकू जब्त कर लिया है।

### पेट्रोल भराने गए युवक पर चाकू से हमला

बिलासपुर। पेट्रोल भराने गए युवक से मारपीट कर चाकू से हमला कर नकद लूटकर दो युवक भाग गए। पुलिस लुटेरों का सुराग नहीं लगा पाई है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, दयालबंद नारियण कोठी निवासी अंकित श्रीवास पिता दिलीप श्रीवास पुराना बस स्टैण्ड स्थित सेलून दुकान में काम करता है। 6 अक्टूबर की रात 12 बजे वह तारबाहर पेट्रोल पंप में अपनी बाइक में पेट्रोल भराकर जेब से 9 हजार रुपए निकालकर पैसा दिया। इसी दौरान दो लड़के पीछे से आए हाथ में पैसा देखकर कालर पकड़कर उसे पेट्रोल पंप के बगल गली में लेकर गए। वहां उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर चाकू से पैर में हमला कर 9 हजार रुपए लूटकर भाग गए। पुलिस ने अंकित श्रीवास की रिपोर्ट पर अज्ञात दो युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 309, 6, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस लुटेरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### दो दोस्तों पर चाकू से जानलेवा हमला

बिलासपुर। बीती रात पुरानी रंजिश दो दोस्तों के साथ मारपीट कर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया है। घायल युवकों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, चांटीडीह संतोषी मंदिर निवासी अक्षत यादव पिता इतवारीराम यादव 22 साल 5 अक्टूबर को रात 10.40 बजे दोस्त मोनू दुबे के साथ बाइक से जा रहे थे। कुर्मी छात्रावास के पास प्रकाश, डब्लू नामक लड़के मिले और पुरानी रंजिश का हवाला देते हुए गाली गलौज कर दोनों दोस्तों पर चाकू से जानलेवा हमला कर भाग गए। सूचना मिलने पर पिता इतवारीराम मौके पर जाकर दोनों को घायल अवस्था में इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पिता इतवारीराम यादव की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस हमलावर चाकूबाजों को नहीं पकड़ पाई है।

### जेल प्रहरी ने चिट्ठी पहुंचाने लिए रुपए, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। केंद्रीय जेल बिलासपुर में पदस्थ जेल प्रहरी समीर रौतिया पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जेल में बंद हवालाती राहुल नामदेव के पत्र के आधार पर यह कार्रवाई हुई है। जांच में पाया गया कि चकरभाठा निवासी गुड्डू उर्फ राम आर्या के मोबाइल से प्रहरी समीर रौतिया के फोन पे नंबर पर 200 रुपए भेजे गए थे। यह रकम जेल के अंदर अनुचित सुविधा देने के बदले ली गई बताई जा रही है। मामले की पुष्टि होने पर जेल अधीक्षक ने पूरा प्रकरण थाना सिविल लाइन को भेजा। थाना प्रभारी ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। यह कार्रवाई जेल में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के तहत की गई है।

---

भाजपा पार्षद तिलक ने बैठक व्यवस्था पर खड़े किए सवाल, मोती गंगवानी ने इस्तीफे की धमकी दे डाली

# महिला सम्मान पर सदन गरम, सत्ता पक्ष के पार्षदों ने मेयर को घेरा, मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

6 महीने बाद हुई निगम की सामान्य सभा की बैठक में जमकर हंगामा मचा। महिला सम्मान को लेकर सदन गरम रहा तो जीएसटी में कटौती को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का सदन में आभार प्रस्ताव रखा गया, तो विपक्ष ने जोरदार विरोध किया और नारेबाजी की।

सदन में सत्ता पक्ष के पार्षदों ने ही महापौर को अधिक घेरा और हंगामा किया। यह भी दिन भर चर्चा का विषय रहा।बैठक व्यवस्था को लेकर बीजेपी पार्षद तिलक साहू ने सवाल खड़े कर दिए। प्रोटोकॉल के तहत बैठक व्यवस्था नहीं होने पर उन्होंने सभा से बाहर जाने की चेतावनी भी दे डाली। वहीं, सत्ता पक्ष के पार्षद मोती गंगवानी ने स्मार्ट सिटी परियोजना के स्कूल में चोरी मामले में बवाल किया। उन्होंने इस्तीफा देने की चेतावनी भी दी डाली।

नगर निगम की सामान्य सभा सोमवार 6 अक्टूबर को देवकीनंदन दीक्षित सभागृह में हुई। छह महीने के अंतराल के बाद हुई इस बैठक में हंगामा ही होता रहा हालांकि सत्ता पक्ष ने बहुमत के आधार पर सभी प्रस्ताव पास करा लिया। विपक्ष ने शहर की खराब सड़कों, सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों की धीमी गति के मुद्दों पर सत्ता पक्ष को घेरा।

बैठक में पार्षद निधि को वार्षिक 6 लाख रुपए से बढ़ाकर 12 लाख रुपए करने का प्रस्ताव रखा गया तो नेता प्रतिपक्ष ने 25 लाख करने की मांग कर डाली। सत्ता पक्ष का समर्थन भी मिला। उप नेता प्रतिपक्ष श्रीमती संतोषी रामा बघेल की ओर से पार्षदों की मानदेय 15 हजार से बढ़ाकर 30 हजार करने की मांग रखी। सभापति विनोद सोनी ने प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन को भेजने कहा।



देवकीनंदन दीक्षितसभा भवन में आयोजित सामान्य सभा में हंगामा मचाते पार्षद।

### महिला पार्षद के खिलाफ एफआईआर पर हंगामा

कांग्रेस पार्षद गायत्री साहू के खिलाफ एफआईआर को लेकर सदन में हंगामा हुआ। इसकी सभापति विनोद सोनी ने भी निंदा की और भविष्य में इस पर ध्यान देने कहा।
पार्षद गायत्री साहू की ओर से कहा गया कि जनता की मांग करना गुनाह है कि मेरे ऊपर मामला दर्ज करा दिया गया। सभापति विनोद सोनी ने कहा कि अगर समस्या लेकर निगम के पास नही जाए तो कहा जाएंगे। पिछले 35 साल से पक्ष विपक्ष में रहे लेकिन कभी एफआईआर नही हुआ। यह सभी पार्षद के लिए है। निगम आयुक्त इस बात का ध्यान रखें।

### खास बातें

- पार्षद रीता कश्यप ने महापौर श्रीमती पूजा विधानी पर कांग्रेस पार्षदों के वार्डों में ध्यान ना देने का आरोप लगाया।
- पार्षद पुष्पेंद्र साहू ने कहा कि, मेयर पूजा विधानी को फोन लगाने पर नहीं उठाती है। जवाब में महापौर ने कहा कि वार्ड में रहोगे तो पता चलेगा।
- महापौर ने कहा कि, 6 महीने सत्ता में आए हुआ है कोई जादू की छड़ी नहीं जो छड़ी घुमाते साथ सब काम हो जाए।
- कांग्रेस पार्षदों ने नगर निगम में निर्माण कार्य की गुणवत्ता और बिलो टेंडर पर सवाल उठाया।

### महज 25 मिनट में 45 प्रस्ताव पास

सामान्य सभा की बैठक में महज 25 मिनट में 38 प्रस्ताव और 7 अतिरिक्त प्रस्ताव पास कर दिए गए। इनमें से 27 एजेंडों का संबंध जाति प्रमाणपत्र से है। शेष एजेंडों में शहर के कई हिस्सों में प्रस्तावित विकास कार्यों पर चर्चा की गई। इसमें व्यापार विहार क्षेत्र में जीएसटी कार्यालय के सामने बनने वाले कमर्शियल कॉम्प्लेक्स का प्रस्ताव शामिल है, जिसकी अनुमानित लागत 4.90 करोड़ रुपए है। साथ ही सिरगिट्टी क्षेत्र में आधुनिक स्पोर्ट्स क्लब और कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के निर्माण पर भी प्रस्ताव रखा गया। सकरी क्षेत्र में बुजुर्गों के लिए एक विशेष कम्युनिटी हॉल का प्रस्ताव शामिल है।

---

# कांग्रेस नेताओं ने तिफरा बिजली कार्यालय में बोला हल्ला, बिल हाफ करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार को तिफरा बिजली कार्यालय का घेराव किया गया। कांग्रेसजनों ने बिजली बिल में बेतहाशा वृद्धि एवं 400 यूनिट तक बिजली बिल हॉफ योजना को बंद किए जाने का विरोध करते हुए बिजली आफिस में जमकर हल्ला बोला और कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आज जिला कांग्रेस कमेटी शहर, ग्रामीण द्वारा तिफरा बिजली कार्यालय का घेराव किया गया। इसके पूर्व शहर सहित बिल्हा, तिफरा, तखतपुर, बेलतरा, सिरगिट्टी, मस्तूरी आदि क्षेत्रों से कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कांग्रेस भवन में एकत्रित हुए। इसके बाद दोपहर करीब डेढ़ बजे कांग्रेसजन कांग्रेस भवन से तिफरा बिजली कार्यालय के लिए बाइक, स्कूटर, कार आदि वाहनों से कूच किए। तिफरा बिजली कार्यालय पहुंचते ही वहां पर गेट पर पहले से ताला बंद कर दिया गया था और पुलिस बल तैनात थी, लेकिन नारेबाजी करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता गेट को पार करके बिजली कार्यालय में घुस गए। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच बहसबाजी, धक्कामुक्की भी हुई। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्य कार्यपालन अभियंता कार्यालय के सामने धरने में बैठ गए और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। काफी देर तक नारेबाजी करने के बाद कांग्रेस नेता तालाबंदी के लिए आगे बढ़े, जिसपर पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच फिर से गहमागहमी की स्थिति निर्मित हो गई। इस दौरान बिजली विभाग के अधिकारी वहीं पहुंच गए, जिसपर कांग्रेसजनों ने सांकेतिक तालेबंदी के रूप में बिजली विभाग के अधिकारियों को ताला भेंट करते हुए ज्ञापन सौंपा।




बिजली दफ्तर के बाहर धरना देते कांग्रेस नेता।

### बंद की गई हॉफ बिल योजना

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि छग बिजली उत्पादक राज्यों में अग्रणी है जहां से कई राज्यों को बिजली बेची जाती है, किन्तु प्रदेश की जनता का दुर्भाग्य है कि छत्तीसगढ़ में बिजली दरें अन्य राज्यों के बराबर है या अधिक है, राज्य अपने उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली उपलब्ध करा रहा है।

### घेराव में शामिल रहे कांग्रेसजन

तिफरा बिजली आफिस के घेराव में शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय, जिलाध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, राजेन्द्र शुक्ला, प्रमोद नायक, शेख नजरूद्दीन, रविन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, शिव मिश्रा, जितेन्द्र पांडेय, राकेश शर्मा, ऋषि पांडेय, समीर अहमद आदि उपस्थित थे।

---

# बिजली कर्मचारियों ने जताया विरोध, 9 को घेरेंगे मुख्यालय

बिलासपुर। राज्य कर्मचारी की तरह पुरानी पेंशन योजना बहाली, संविदा कर्मियों की नियुक्तिकरण, 3फीसदी तकनीकी भत्ता सहित विभिन्न मांगों को बिजली कर्मचारियों हड़ताल की राह पर है।

कर्मचारियों ने मांगों के पूरा नहीं होने पर सख्त आंदोलन की चेतावनी दी है। इससे पहले सोमवार को कर्मचारियों ने बैठक कर रणनीति दोहराई है। पावर कंपनी के खिलाफ आंदोलन तेज करने की बात कही गई। पहले चरण में जिला एवं क्षेत्रीय मुख्यालय में प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया गया है। 1 से 30 सितंबर तक मैदानी क्षेत्रों में जनसंपर्क किया गया। अब 1 से 8 अक्टूबर तक कार्यक्षेत्र में काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ द्वारा जारी आंदोलन को लगातार मिल रहा है। संविदा कर्मचारी संघ के साथ-साथ अब डिप्लोमा अभियंता संघ ने भी अपना प्रतिरोध दर्ज कराया। आंदोलन के तहत 9 अक्टूबर को पॉवर कंपनी मुख्यालय का घेराव व विशाल रैली निकालकर प्रदर्शन किया जाएगा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय तिवारी ने बताया कि विभिन्न मांगों के लिए पावर कंपनी प्रबंधन को मांग पत्र दिया गया था, जिस पर प्रबंधन के साथ कई बार बैठक हुई और लेकिन मांग पूरी नहीं हो सकी है। वादाखिलाफी के विरोध में महासंघ द्वारा आंदोलन किया जा रहा है। इस हेतु संविदा कर्मचारी संघ के साथ साथ डिप्लोमा अभियंता संघ का भी समर्थन प्राप्त हो चुका है।



विरोध प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी।

### डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन ने दिया समर्थन

कनिष्ठ से सहायक यंत्री के पद पर 70 फीसदी पदोन्नति कोटा बहाली को लेकर छग स्टेट विद्युत मंडल डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन ने आंदोलन को समर्थन दिया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष बीबी जायसवाल ने बताया कि अभियंताओं अन्य मांगों में लंबित रिक्त पदों पर पदोन्नति प्रक्रिया पूरी करने, वरिष्ठता एवं सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने जैसी मांग शामिल है। संघ की ओर से आयोजित बैठक में सोमवार को सभी केन्द्रीय और क्षेत्रीय पदाधिकारी, एई व जेई शामिल हुए। इस दौरान कार्यपालक निर्देश कार्यालय को ज्ञापन सौंपा गया और नारेबाजी की गई।

---

# सड़क निर्माण की मांग को लेकर दर्रीघाट में चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- 20 साल से सड़क निर्माण नहीं होने का आरोप

पिछले बीस वर्षों से सड़क का निर्माण नहीं होने से ढेका व घुमा के लोग खासे परेशान हैं। शासन, प्रशासन से मांग करने के बाद सड़क का निर्माण नहीं होने, लेकिन अब एक साल पहले ही सड़क निर्माण के लिए राशि स्वीकृत होने के बाद भी पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क निर्माण प्रारंभ नहीं करने की बात पर ग्रामवासियों ने दर्रीघाट में चक्काजाम कर दिया।

नेहरू चौक से दर्रीघाट के बीच सड़क निर्माण को लेकर शासन द्वारा पिछले बजट में न केवल प्रावधान किया गया था, बल्कि इसके निर्माण के लिए राशि भी जारी की जा चुकी है। लोक निर्माण विभाग द्वारा आज दिनांक तक इस सड़क का निर्माण प्रारंभ नहीं करने के कारण क्षेत्र के रहवासियों ने सोमवार को दरीघाट में चक्काजाम कर दिया। ग्रामवासियों का कहना था कि इस मार्ग का निर्माण नहीं होने के कारण उनके द्वारा सड़क पर ही विरोध स्वरूप धान का थरहा लगाया गया था। इसी तरह रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा देते हुए चुनाव का बहिष्कार भी किया गया था। इसके बाद भी सड़क का निर्माण नहीं हो सका। अब जब शासन द्वारा सड़क निर्माण के लिए राशि जारी की जा चुकी है इसके बाद निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं करने से ग्रामवासियों में रोष व्याप्त है। चक्काजाम की जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे तहसीलदार एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की समझाईश के बाद लोग शांत हुए व आवागमन सुचारू हुआ।



सड़क निर्माण की मांग को लेकर धरने पर बैठे स्थानीय ग्रामीण।

### बस से कुचलकर युवक की मौत

बिलासपुर। चलती बस में गेट के पास गुटखा थूकने समय युवक नीचे गिर गया। चक्के की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सीपत टीआई गोपाल सतपथी ने बताया, तखतपुर समडील से पटेल समाज के लोग बस से ग्राम कुकदा जा रहे थे। तारकेश पटेल पिता राजेश पटेल दोपहर 2.30 बजे ग्राम गुड़ी में चलती बस में गेट के पास गया और गुटखा थूकते समय नीचे गिर गया। इसी दौरान बस के पिछले चक्के के चपेट में आने से कुचलकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बस में सवार परिवार के सदस्य रोते बिलखते रहे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

# 5 टन 2 क्विंटल कबाड़ सहित ट्रक जब्त, ड्राइवर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- सरकंडा थाने का मामला
- परसाही के पास पकड़ा गया

पुलिस ने लोहे का कबाड़ लेकर बेचने जाते समय ट्रक को पकड़ लिया है। उसमें 5 टन 2 क्विंटल कबाड़ जब्त किया गया है।

सरकण्डा टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया, मुखबिर से सूचना मिली ग्राम परसाही से ट्रक क्रमांक सीजी 10 जेबी, 8514 में चोरी के लोहे का कबाड़ लेकर बेचने के लिए ले जाया जा रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ घेराबंदी कर ट्रक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर 5 टन 2 क्विंटल लोह का कबाड़ मिला। पुलिस ने कबाड़ सहित ट्रक जब्त कर ड्राइवर खंडोवापारा रतनपुर निवासी सौकत खान पिता लियाकत खान 34 साल व संतोष रजक को गिरफ्तार कर लिया है।

# सिम्स में डाक्टरों से मारपीट, तीन युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नशे में सिम्स के डाक्टरों से मारपीट कर तोड़फोड़ करने वाले 3 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

ज्ञात हो कि रविवार को सिम्स में नशे की हालत में तीन युवक आए और बिना कारण डा. आशी जैन, डा. अविनाश कुमार, डा. अमन खेतान के साथ गाली गलौज कर धक्का मुक्की कर मारपीट करने लगे। डाक्टर मोबाइल में वीडियो बना रहे थे तो युवकों ने मोबाइल छीनकर जमीन पर पटककर तोड़ दिया। पुलिस ने डाक्टरों की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296, 351, 2, 324, 2, 3, 5, 132 के तहत जुर्म दर्ज कर हमलावर अभय सिंह ठाकुर पिता ओम सिंह ठाकुर 25 साल बंधवापारा सरकण्डा, आकास सिंह ठाकुर उर्फ प्रकाश पिता घनश्याम सिंह ठाकुर 28 साल तिलकनगर, दोनेश्वर सिंह ठाकुर उर्फ रिक्की पिता घनश्याम सिंह ठाकुर तिलकनगर निवासी को गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### ब्लेड व चाबी से युवक पर हमला

शराबखोरी के दौरान दो युवकों के बीच विवाद हो गया। दोनों ने एक दूसरे पर ब्लेड व चाबी से हमला कर दिया। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, तिफरा बाजारपारा निवासी शेख समीर व कुंदरपारा निवासी यशवंत मानिकपुरी सोमवार की रात एक साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान एक युवक ने दूसरे को पूरा खानदान चोर है कह दिया। जिससे दोनों के बीच जमकर विवाद हो गया। शेख समीर ने यशवंत को सर्जिकल ब्लेड से व यशवंत ने शेख समीर के जबड़े पर चाबी से हमला कर जख्मी कर दिया है। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411

**खबर संक्षेप**

## हनुमान चालीसा समिति ने शहीदों के नाम लगाए पौधे



**बिल्हा।** हनुमान चालीसा समिति कुटिया मंदिर समिति के कार्यकाल का 3 वर्ष पूर्ण होने की खुशी में नगर पंचायत कार्यालय व अटल परिसर बिल्हा में स्वच्छता अभियान व पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वंदे मातरम, जय जवान जय किसान, भारत माता की जय के उद्घोष के साथ भारत के वीर शहीदों के नाम नीम, आम व विभिन्न प्रकार के फूलों के पौधे लगाए गए। उपरोक्त कार्यक्रम में डॉ आरसी अग्रवाल, संतोष यादव, दिलीप गुप्ता, राजेश शर्मा, सुखी देवांगन, संजय अग्रवाल, हृदय यादव, हरीश महाराज, बजरंग अग्रवाल, राजेश नागलिया, यशवंत कुशवाहा, शिवम नौबतका, प्राणनाथ वर्मा, बसंत शर्मा, आशीष रात्रे, जगदीश डहरिया, कृष्ण कुमार चतुर्वेदी, रमेश यादव, इत्यादि सदस्यों ने अपनी भागीदारी निभाई।

## गुरु बालकदास के राज्याभिषेक दिवस समारोह का आयोजन



**करगी रोड कोटा।** क्षेत्रीय सतनामी समाज द्वारा राजा गुरु बालकदास के राज्याभिषेक दिवस के उपलक्ष्य में कोटा तहसील एवं तखतपुर क्षेत्र के ग्राम शांतिपुरा धूमा में गुरु बालकदास राज्याभिषेक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय सतनामी कल्याण समिति कोटा–तखतपुर के अध्यक्ष घनश्याम साधेलाल भारद्वाज पुत्र वीर सिंह भारद्वाज को राजा गुरु बालकदास के सच्चे अनुयायी के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राजमहंत बसंत अंचल, रामेश्वर सुनहरे, भरत खांडे, भुवनलाल लहरे, दिनेश लहरे, सचिव नीलेश भार्गव, कुशल गेंदले, सुभाष अनंत, आर.आर. मिरी, महेश दिवाकर, हेमचंद मिरी, राधेश्याम भारद्वाज, रवि अनंत, रेशम, देवचरण, फागूराम पटले, संतोष बघेल आयोजन समिति अध्यक्ष, विक्की दिवाकर, धन्नू नवरंग, आशाराम कुर्रे आदि मौजूद थे।

## पथसंचलन के आमंत्रण के लिए निकली बाइक रैली



**मुंगेली।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पौनी मंडल अंतर्गत आने वाले ग्राम झलियापुर, अचानकपुर, दुल्लापुर, मुड़पार, कंचनपुर, भीमपुरी, मानपुर, चिरौंजपुर, उसलापुर, पौनी, डोंडा, कोलिहा, जल्ली, ठेंगा एवं तुमड़ी के स्वयं सेवकों द्वारा आगामी 18 अक्टूबर को डोंडा-कोलिहा में आयोजित होने वाले पथ संचलन कार्यक्रम के निमंत्रण एवं प्रचार-प्रसार हेतु बाइक रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ झलियापुर के मंदिर प्रांगण से हुआ, जो विभिन्न गांवों से होते हुए संस्कार पब्लिक स्कूल, कोलिहा में संपन्न हुई। कार्यक्रम स्थल पर स्वयं सेवकों की गणवेश पूर्ति, कार्य विभाजन तथा व्यवस्था संबंधी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर पौनी मंडल के सभी गांवों से स्वयं सेवकों की उत्साही एवं अनुशासित उपस्थिति रही। रैली में भगवा ध्वज और राष्ट्रभक्ति के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि 18 अक्टूबर को डोंडा-कोलिहा में होने वाला पथ संचलन संघ की संगठन शक्ति, अनुशासन एवं राष्ट्र समर्पण का प्रतीक होगा।

## नपा स्कूल में साइबर क्राइम पर कार्यक्रम



**मुंगेली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगर पालिका में पुलिस के द्वारा पहल साइबर क्राइम पर कार्यक्रम रखा गया। जिसमें पुलिस विभाग से कुमारी बबीता श्रीवास ने छात्रों को साइबर क्राइम के बारे में बताया तथा छात्रों को मोबाइल में सामाजिक ऐप फेसबुक, इंस्टाग्राम एप को चलाने से मना किया तथा अनजान व्यक्तियों को फ्रेंड न बनाने कहा। साथ ही पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। यातायात के नियमों का पालन करने, नशे से दूरी बनाने को कहा और छात्र अनुशासित होकर अपने पढ़ाई के लक्ष्य को पूरा करें। स्कूल के प्रभारी प्राचार्य केएल देवांगन ने छात्रों को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्रगण उपस्थित रहे तथा जिला पुलिस की ओर से अरूण साहू और अंकुश पटेल उपस्थित रहे।

### शहरवासियों ने जगह-जगह आरती उतारकर की पुष्पवर्षा

# निकली दुर्गा प्रतिमाओं की झांकी, सुबह तक चलता रहा विजर्सन का दौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

शारदीय नवरात्र के समापन पर नगर में दुर्गा प्रतिमाओं की झांकी निकाली गई। भव्य नंदी बाबा पर भवानी की सवारी और भोले की बारात आकर्षण का केंद्र रहा। रात्रि में 8 बजे से प्रारंभ हुई झांकी सुबह होते तक विसर्जन का दौर चलते रहा। झांकी देखने के लिए दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही नगरवासी सुबह होते तक जुटे रहे।

आदर्श कृषि उपज मंडी से शुरू हुई यह झांकी देर रात तक शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए तालाब पहुंची। पूरे शहर में देर रात तक भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहा। झांकी में मां दुर्गा की अद्भुत झलक के साथ भगवान शिव की बारात, भूत-गणों तथा मां काली के द्वारा जीवंत प्रदर्शन, नंदी के ऊपर सवार दुर्गा जी की जीवंत झांकी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने से संदर्भित झांकी, भगवान विष्णु के कल्कि अवतार की झांकी




विसर्जन के लिए ले जाते मां दुर्गा की प्रतिमा।

का प्रदर्शन किया गया। भव्य नंदी बाबा पर भवानी की सवारी और भोले की बारात नगर में चर्चा का विषय रहा। जिसे देखने लोग पहुंचे और इस झांकी को सराहा गया। साथ ही राधाकृष्ण और खाटु श्यामजी की झांकी भी देखने को मिली। राम-सीता और अन्य पौराणिक प्रसंगों पर आधारित सुंदर दृश्य सजाए गए थे। दुर्गा विसर्जन झांकी नगर के प्रमुख मार्ग पड़ाव चौक, बालानी चौक, मलाई घाट, पुराना बस स्टैण्ड, पुलपारा होते हुए दाऊपारा के बाद सुरीघाट और रामगढ के तालाबों में मूर्तियों को विसर्जित किया गया। शहरवासियों ने जगह-जगह आरती उतारकर एवं पुष्पवर्षा कर पारंपरिक पोशाक में जय माता दी के जयघोष करती रहीं, वहीं युवा भक्त नाचते-गाते झांकी के साथ थे। इस दौरान झांकियों को देखने ग्रामीण क्षेत्रों सहित दूसरे जिले के लोग भी पहुंचे। करीब 2 किमी तक लोगों का तांता लगा रहा। धुमाल व बैंड बाजों की धुन पर भक्त प्रतिमाओं लेकर बढ़ते रहे। यह सिलसिला पूरी रात चला। अलग-अलग समाज व संगठन के मंच लगाकर समितियों का स्वागत किया। प्रशासन और पुलिस विभाग ने शोभायात्रा की सुरक्षा और व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए थे। सुरीघाट तालाब पर विसर्जन के लिए क्रेन, गोताखोर और प्रकाश व्यवस्था की गई थी। देर रात आरती, भजन और हवन के साथ भक्तों ने मां दुर्गा को विदाई दी गई।



## शरद पूर्णिमा पर सोनी समाज ने मनाई अजमीढदेव की जयंती

**पेंड्रा।** शरद पूर्णिमा पर सोनी समाज पेंड्रा द्वारा गुरु अजमीढदेव महाराज की जयंती अंजनी वाटिका हनुमान मंदिर परिसर में मनाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ संरक्षक विनोद सोनी ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि "हम अपने आदि गुरु की जयंती समाज की एकता और संगठन के प्रतीक के रूप में मनाते हैं। सभी बंधु-बांधवों को समानता के भाव से जोड़ना ही हमारा उद्देश्य है। मुख्य अतिथि मथुरा सोनी ने कहा कि जैसे विविध पुष्पों से एक सुंदर वाटिका बनती है, वैसे ही कर्तव्यनिष्ठ और सेवाभावी व्यक्तियों के सहयोग से श्रेष्ठ समाज का निर्माण होता है। इस अवसर पर समाज के सक्रिय कार्यकर्ता और साहित्यकार विश्वनाथ सोनी ने अपनी स्वरचित रचना प्रस्तुत की। वरिष्ठ मार्गदर्शक मानिक लाल सोनी ने शरद पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र सोनी ने एवं रवि सोनी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विनोद सोनी, मानिक लाल सोनी, राजेंद्र सोनी, ओमप्रकाश सोनी, महेश सोनी, उमेश सोनी, अंशु सोनी, लल्लूराम सोनी, राममिलन सोनी, रामलखन सोनी, राजेश सोनी, भरत सोनी, सत्यप्रकाश सोनी सहित नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## बाजे गाजे के साथ हुआ माता की प्रतिमा का विसर्जन



**दगोरी।** आदर्श मोहल्ला गांधी चौक में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन दशहरा के दूसरे दिन हवन-पूजन एवं आरती के साथ किया गया। धुमाल की धुन पर थिरकते सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में माता की प्रतिमा बामरानी तालाब में विसर्जित की गई। इस अवसर पर समिति के सदस्य ग्राम पटेल, ज्वाला प्रसाद सन्नाट, राधेश्याम, राजकुमार, बालाराम कौशिक, दीपक सन्नाट, सचिन, मनमीत, संजीव, नामित, निहार ध्रुव, करण, प्रियांशु, सूरज, सुनील, मोनू, गोलू, मुन्ना कौशिक, दीपक सन्नाट, तोलु, हेमचंद्र, संजय, पंकज आदि मौजू रहे। साथ ही महिलाओ में पूर्णिमा, संतोषी, देवजानी, राजकुमारी, सियाबाई, पार्वती, शीतला देवी, रूखमणी कौशिक, खेलावन निषाद, दिलीप ध्रुव, बिरेंद्र कौशिक, साहेब कौशिक, लीलाधर कौशिक, बल्ला कौशिक, यजमान उत्तरा-रामनाथ सन्नाट सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## समितियों की श्रेष्ठ झांकियों को किया गया पुरस्कृत

**करगीरोड कोटा।** नगर के हृदय स्थल चंडी माता चौक पर मां चंडी दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में भक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा भाव के साथ किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू उपस्थित रहे। साथ ही विशिष्ट अतिथियों में जिला अध्यक्ष ग्रामीण मोहित जायसवाल, महामंत्री सुलेश पांडे, नपं अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू, उपाध्यक्ष प्रदीप कौशिक, सांसद प्रतिनिधि दुर्गेश साहू, पार्षद बाबा गोस्वामी, विकास सिंह, विमल गुप्ता, अनिरुद्ध गुप्ता, ललित अग्रवाल, गुड्डू अग्रवाल, मनोज गुप्ता, मनोज तिवारी, अनुराग तिवारी, प्रांजल चौकसे, उमेश अग्रवाल, माधव सिंह, अनिमेष गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पहले दिन दशहरा पर माहोरी शर्मा एवं शनि शर्मा ने भक्ति जागरण की प्रस्तुतियों से समा बांधा, वहीं दूसरे दिन दुर्गा विसर्जन पर सोनू गुप्ता ने अपनी सुरीली आवाज से माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के समापन पर स्थल झांकियों में प्रथम स्थान गांधी बाग की माता रानी झांकी, द्वितीय स्थान नारायणी दुर्गा उत्सव समिति एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली नव जागृत दुर्गा उत्सव समिति को शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। वहीं चलित झांकियों में प्रथम स्थान पार्वती माता द्वारा जलाभिषेक को 21 हजार, द्वितीय स्थान झूपत झूपत आबे दाई झांकी को 15 हजार, तृतीय स्थान राम आर्ट की ओर से निर्मित झांकी 11 हजार का नकद देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सात्विक गुप्ता, अमन गुप्ता, देव सोनी, शिखर गुप्ता, नयन सोनी, श्रेयांस गुप्ता, डिंगु अग्रवाल, चिराग देवानी, साकेत तिवारी, अर्णव गुप्ता, अविचल



अग्रहरि, हैप्पी गुप्ता, रुद्र सोनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। समिति पदाधिकारी विकास सिंह ने बताया कि, मां चंडी के आशीर्वाद एवं नगरवासियों व्यापारियों के सहयोग से दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में यह भव्य आयोजन संभव हुआ। कार्यक्रम का संचालन समिति के युवा सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने किया।

## शिक्षक ने पारंपरिक तरीके से कराया न्योता भोजन



**लोरमी।** सुदूर ग्राम सेमरसल में शिक्षक राजकुमार ने अपने बेटे के जन्मदिन पर न्योता भोज कराया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य दीपक ध्रुव, बद्री कश्यप, कमलकांत पांडेय, राकेश पांडेय, पुष्पा चतुर्वेदी, दिपेश जायसवाल, भुनेश्वर निषाद, ताम्रध्वज कश्यप, अरुण साहू, कलेश्वर कश्यप, ताकेश्वर साहू, मोहन साहू, एलूराम, सहित बाल कैबिनेट से नन्दनी निषाद, मेघा, ममता, मुस्कान, दिव्या, सारिका, नेहा, राजनंदनी, सुमन, किरण दामनी, लकेश्वरी, सोमेश्वर, शैलेन्द्र, देवेंद्र, माही, सोनिया सहित छात्रों ने सामूहिक भोज का आनंद लिया।

## एबीवीपी ने मनाई रानी दुर्गावती की 501वीं जयंती

**गौरेला।** वीरांगना रानी दुर्गावती की 501वीं जयंती को एबीवीपी पेंड्रा नगर एवं महंत बिसाहू दास उद्यानिकी महाविद्यालय के कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने रानी



दुर्गावती की जय-जयकार करते हुए उनके मूर्ति पर माल्यार्पण किया। पेंड्रा नगर मंत्री श्रेयांश पांडेय ने कहा कि, वीरांगना रानी दुर्गावती ने गोंडवाना की रक्षा के लिए मुगल साम्राज्य के खिलाफ अदम्य साहस और शौर्य का परिचय देते हुए साथ युद्ध लड़े। महाविद्यालय अध्यक्ष साहिल यादव ने कहा कि, रानी दुर्गावती नारी शक्ति, स्वाभिमान और संघर्ष की प्रतीक मानी जाती हैं। आज भी लोग उन्हें श्रद्धा से याद करते हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बजरंग दल जिला संयोजक सागर पटेल, एबीवीपी पेंड्रा नगर सहमंत्री नील नामदेव, मुस्कान साहू, भूपेंद्र चौधरी, शिवम साहू, शुभम गुप्ता, शौर्य जायसवाल, देवांश तिवारी, विनय पांडे, योगेश साहू, हरीश बंजारे, चंद्रप्रकाश साहू, श्रेयांश नामदेव, महेंद्र राठौर, पुष्पराज राठौर, सूरज राठौर, उज्जवल यादव, अनुज यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## अशोक बने सर्व पिछड़ा वर्ग महासभा के प्रदेश सचिव

**दगोरी।** बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बरतोरी निवासी अशोक कौशिक को सर्व



पिछड़ा वर्ग महासभा छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। समाज में उनके वर्षों से चले आ रहे सेवा कार्यों, संगठनात्मक क्षमता, नेतृत्व गुण और लोकप्रियता को देखते हुए उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं। वर्तमान में श्री कौशिक भारतीय जनता पार्टी पंचायत प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ कुर्मी समाज के जिला संयोजक तथा कुर्मी चेतना मंच छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हैं। श्री कौशिक ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी का विषय है।

## कैच व्हील लगाकर ट्रैक्टर चलाने पर होगी कार्रवाई

**मुंगेली।** जिले में दुर्घटना की संभावना को देखते हुए सड़कों पर कैच व्हील लगाकर ट्रेक्टर चलाना प्रतिबंधित किया गया है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार सड़क पर कैच व्हील लगाकर ट्रेक्टर चलाने पर परिवहन विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिला परिवहन अधिकारी असीम माथुर ने बताया कि कैच व्हील का उपयोग खेतों में ही किया जाता है। कैच व्हील लगाकर ट्रेक्टर चलाने से सड़कें खराब हो रही हैं। साथ ही दुर्घटना की भी संभावना रहती है। कैच व्हील ट्रैक्टरों का उपयोग खेत जोतने या निर्माण कार्यों में तो किया जाता है, लेकिन इन ट्रैक्टरों को सड़कों पर चलाना अत्यंत खतरनाक साबित हो रहा है। बिना उचित ब्रेक और सुरक्षा उपकरणों के इन वाहनों के सड़क पर नियंत्रण खो देने की स्थिति में गंभीर हादसों की आशंका बनी रहती है। सड़क पर इन ट्रैक्टरों के चलने से न केवल अन्य वाहनों को परेशानी होती है, बल्कि पैदल चलने वालों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडराता रहता है। साथ ही, ये सड़क की सतह को भी नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे सड़कें जल्दी खराब होने लगती हैं।

## 49 पाव देसी शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**लालपुर।** लालपुर पुलिस ने 49 पाव देसी शराब सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 5 अक्टूबर को लालपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम झोंका तालाब के पास अवैध रूप से अधिक मात्रा में शराब बिक्री हेतु रखा है कि सूचना पर सायबर सेल एवं लालपुर थाना प्रभारी अमित गुप्ता के द्वारा ग्राम झोंका तालाब के पास घेराबंदी कर जयप्रसाद पिता रामकुमार पात्रे उम्र 25 वर्ष निवासी बरियारपुर थाना लालपुर को पकड़े जो लाल रंग के पिट्ठु बैग मे अवैध रूप से 49 पाव देशी प्लेन शराब (8.800 बल्क लीटर) कीमती 3920 रूपये को अवैध रूप से अधिक मात्रा मे शराब रखना पाये जाने से उक्त शराब को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना लालपुर में धारा 34(2), 59 क आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया।

## बीईओ के औचक निरीक्षण में बंद मिला स्कूल, प्रधान पाठक को नोटिस

**पथरिया।** विकास खण्ड में शिक्षा गुणवत्ता सुनिश्चित करने विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ प्रतिभा मंडलोई द्वारा नियमित रूप से दुरुस्त क्षेत्रोa में स्थित गावों के स्कूलों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। जिसमें स्कूल खुलने, शिक्षकों की उपस्थिति सम्बन्धित कई अनियमितता सामने आ रही है।

- समय पूर्व बंद प्राथमिक शाला सोनपुरी के सामने बीईओ पी मण्डलोई



इसी तरह सोमवार को बीईओ के द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला भटगांव, प्राथमिक शाला जागताकापा प्राथमिक शाला सोनपुरी का औचक निरीक्षण किया l उनके निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान, 90+ परीक्षा आंकलन, पाठकन पंजी, शिक्षक डायरी का अवलोकन कर स्कूली बच्चों से पढाई के संबंध में जानकारी लिया गया और शिक्षकों को नियमित समय पर आकर अध्यापन कार्य कराने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के समय प्राथमिक शाला भटगांव में 4 में से 03 शिक्षक उपस्थित मिले। वहीं पूजा गबेल बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाई गईं बच्चो ने बताया वह प्रतिदिन समय पूर्व चली जाती हैं जिस पर प्राधन पाठक को निर्देशित किया गया की समय पूर्व शिक्षकों एवं बच्चों को छुट्टी न देवें इसी तरह माध्यमिक शाला भटगांव में 7 में से 3 शिक्षक उपस्थित एवं 1 शिक्षक गिरदावरी ड्यूटी में थे बाकी अवकाश में पाए गए l जिस पर उन्होंने शिक्षकों को नियमित स्कूल आने का निर्देश दिया वही, प्राथमिक शाला सोनपुरी शाला समय पूर्व दोपहर 3:30 बंद पाया गया l जिस पर प्राथमिक शाला सोनपुरी के प्राधन पाठक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया l प्राथमिक शाला चंद्रगढ़ी शाला समय अनुसार 4 शाम बजे तक संचलित पाया गया l प्राथमिक शाला जगताकापा में 3:45 में बच्चों को छुट्टी दे दिया गया लेकिन शिक्षक उपस्थित मिले शिक्षकों पर समझाइस दिया गया की समय पूर्व बच्चो को ना छोड़े साथ ही प्रतिदिन शाला समयानुसार 10 से 4 तक शाला का संचालन करें l

इससे पूर्व भी शिक्षा अधिकारी द्वारा दर्जनों ऐसे शालाओ का निरीक्षण किया गया है जो ब्लाक मुख्यालय से दुरस्त क्षेत्रो में स्थित है और वहां निरीक्षण में अधिकारी कम ही पहुंच पाते हैं लेकिन मण्डलोई अपने पदस्थापना के बाद से ही लगातार ऐसे स्कूलों में व्यवस्था सुधारने का प्रयास किया जा रहा है । उनके निर्देश पर सहायक शिक्षा अधिकारी आर राठौर एवं यतेंद्र भास्कर द्वारा भी प्रतिदिन शालाओं का निरीक्षण कर रहे है और प्रतिवेदन दे रहे है इन सब से शिक्षा विभाग में प्रशासनिक कसावट देखी जा रही है ।

### बैठक में चर्चा के बाद लिया गया आंदोलन का निर्णय

# अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ लामबंद हुए कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

प्रदेश में अवैध शराब की कारोबार बढ़ती जा रही है। हाल ही में मुंगेली जिले के पथरिया ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बावली के प्राथमिक शाला से 10 पेटी मध्यप्रदेश की शराब एवं 30 लीटर रेक्टिफाइड स्प्रिट बरामद हुई थी इसी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी मुंगेली के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पथरिया द्वारा अति आवश्यक बैठक आहूत की गई। जिसमें क्षेत्रवासियों एवं विकासखंड के कांग्रेसजनों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया सभी से चर्चाओं के पश्चात कांग्रेस ने क्रमबद्ध आंदोलन करने का फैसला लिया है।

जिला कांग्रेस कमेटी मुंगेली के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ अवैध शराब का गढ़ बन गया है। मुंगेली जिले में बावली के प्राथमिक शाला को अवैध शराब का डंप यार्ड बना



बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि।

दिया गया है। मध्यप्रदेश की शराब का इतनी भारी मात्रा में बरामद होना यह साफ दर्शाता है कि मुंगेली जिले को मध्यप्रदेश की शराब खपाने का केंद्र बना दिया गया है।

बिल्हा विधानसभा के पूर्व विधायक सियाराम कौशिक ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार का शराबबंदी के लिए दावा केवल राजनैतिक पाखंड है। बिलासपुर कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला ने कहा क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री से हत्याएं लुट पाट चाकू बाजी जैसे असमाजिक गतिविधियां बढ़ती जा रही है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के उपाध्यक्ष दिलीप कौशिक ने बताया कि लगातार कई वर्षों से क्षेत्र में शराब बिक्री जारी है एवं असमाजिक गतिविधियां हावी है।

मुंगेली जिला कांग्रेस कमेटी ने स्कूल में मिले शराब की जांच हेतु 5 सदस्यीय एक टीम गठित की गई है। इस अवसर पर राजा सिंह ठाकुर, दिलीप कौशिक, विद्यानंद चंद्राकर, उर्मिला यादव, आशुतोष पांडेय घसिया घृतलहरे, ग्वालदास अनंत, जनकराम, दशरथ कौशिक, शिवकुमार यादव, देवा पेंटर, मुकेश मिरि, जवाहर साहू, कमलेश साहू, मनोज कुमार, कृष्णकुमार बर्मन, पवित्र साहू, मानस लोधी, युगल किशोर वर्मा, नेतराम साहू, तारण टंडन, जयराम साहू, खेमू साहू, चमन साहू, तनिश कुर्रे, कृष्ण कुमार कौशिक, आकाश दिव्य, प्रदीप गेंदल, सुभाष कुर्रे, विनोद पटेल, सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## शासकीय जमीन पर कब्जा ग्रामीणों ने की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा कर दुकान चलाने वाले से दुकान खाली कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम और थाना प्रभारी को आवेदन दिया है।

एसडीएम को सौंपे आवेदन में सरपंच कुंज बिहारी ध्रुव सहित शोभित राम, गोवर्धन, रूपक, छवि राम, परमेश्वर, मुकेश, अंकुर, दुर्गेश, हीरा सिंह, सुनील, विनोद, उत्तम, जितेंद्र, संतोष, अमर नाथ, गोवर्धन, कपिल, धनीराम, परदेश, दशरथ, राजेंद्र, धर्मेंद्र, लालमणी, रामफल सहित अन्य ने शिकायत की है। शिकायत में कहा गया है कि बेलपान में अमने का निवासी दद्दु कौशिक बेजा कब्जा कर अवैध रूप से घर बनाया है और दुकान संचालित कर रहा है तथा गांव में अशांति फैला रहा है।

इस घटना के बाद से ग्रामीण आक्रोशित है इसलिए तत्काल अवैध कब्जा में बने मकान एवं दुकान को खाली कराया जाए।